

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,रविवार 31 मार्च 2024 ■ चैत्र कृष्ण पक्ष-6 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-002 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 1 अप्रैल 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


# भारत रत्न से सम्मानित किए गए लाल कृष्ण आडवाणी

**नई दिल्ली,31 मार्च.** भारतीय जनता पार्टी के दिग्गज नेता एवं पूर्व उप-प्रधानमंत्री लाल कृष्ण आडवाणी को आज भारत रत्न से सम्मानित किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आडवाणी के आवास जाकर उन्हें देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान प्रदान किया। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, पूर्व उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू भी आडवाणी के आवास पर मौजूद थे। बता दें कि शनिवार को राष्ट्रपति भवन में अलंकरण समारोह आयोजित किया गया था, जिसमें लाल कृष्ण आडवाणी शामिल नहीं हो सके थे क्योंकि उनकी तबियत ठीक नहीं थी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को लाल कृष्ण आडवाणी को भारत रत्न से सम्मानित किया। राष्ट्रपति कार्यालय ने इस दौरान की

» **राष्ट्रपति मुर्मू ने घर जाकर दिया सम्मान, नरेन्द्र मोदी समेत ये नेता रहे मौजूद**



कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा की। इन तस्वीरों के साथ राष्ट्रपति कार्यालय ने लिखा, भारतीय राजनीति के पुरोधा श्री आडवाणी ने सात दशकों से अधिक समय तक अटूट समर्पण और असाधारण कौशल के साथ देश की सेवा की है। वर्ष 1927 में कराची में जन्मे, श्री आडवाणी 1947 में विभाजन की पृष्ठभूमि में भारत चले आए। सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के अपने दृष्टिकोण के साथ, उन्होंने पूरे देश में दशकों तक कड़ी मेहनत की और सामाजिक-राजनीतिक परिदृश्य में परिवर्तन किया। जब आपातकाल ने भारत के लोकतंत्र को खतरे में डाल दिया था तब उनके अंदर के अदम्य योद्धा ने इसे अधिनायकवादी प्रवृत्तियों से बचाने में मदद की।

उन्होंने आगे लिखा, एक सांसद के रूप में संवाद पर उनकी आस्था ने संसदीय परंपराओं को समृद्ध किया। गृह मंत्री तथा उप प्रधान मंत्री के रूप में, उन्होंने सदैव राष्ट्र हित को सर्वोपरि रखा, जिससे उन्हें दलगत सीमाओं से परे जा कर लोगों ने सम्मान और प्रशंसा प्रदान की। भारत के सांस्कृतिक पुनरुत्थान के लिए उनके लंबे और अथक संघर्ष की परिणति 2024 में अयोध्या में श्री राम मंदिर के पुनर्निर्माण के रूप में हुई। वे स्वतंत्रता के बाद के उन गिने-चुने राजनीतिक नेताओं में हैं जो राष्ट्रीय प्राथमिकताओं को नया स्वरूप देने और देश को विकास-पथ पर आगे ले जाने में सफल रहे।

### सीएम विष्णुदेव साय ने दी शुभकामनाएं

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक सदस्य और देश के पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न से सम्मानित होने पर शुभकामनाएं दी और प्रसन्नता जाहिर की. सीएम साय ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक सदस्य, राजनीति में शुचिता के प्रतीक, अपना जीवन राष्ट्र और लोकहित में समर्पित करने वाले पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उनके निवास स्थल पर जाकर सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' से सम्मानित किया. संपूर्ण देश लालकृष्ण आडवाणी के भारत रत्न से सम्मानित होने पर गौरवान्वित है. बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं.

## संक्षेप

### तथ्यों के आधार पर हुई है कार्रवाई: साव

**रायपुर,31 मार्च.** कर्नाटक से कांग्रेस विधायक प्रियांक खरगे के केंद्रीय जांच एजेंसियों के बीजेपी की फ्रंटल संस्थाएं बताए जाने पर डिप्टी सीएम अरुण साव ने पलटवार किया है. उन्होंने कहा कि पिछले कई सालों से कांग्रेस



के नेता ऐसा कह रहे है. ईडी ने कार्रवाई की है, तो किसी को जमानत नहीं मिली. साक्ष्यों और तथ्यों के आधार पर कार्रवाई हुई है. भाजपा को किसी को बिना आधार के फंसाने की जरूरत नहीं है. दिल्ली में आज इंडिया गठबधंन की रैली पर डिप्टी सीएम अरुण साव ने कहा कि भ्रष्टाचार के आरोप में जो जेल में बंद हैं, उसके समर्थन में ये आंदोलन कर रहे है. इसका जवाब जनता उन्हें देगी. वहीं जमीन रजिस्ट्री शुल्क में 30 प्रतिशत की छूट के आज से समाप्त होने पर डिप्टी सीएम ने कहा कि पिछले 5 साल में कांग्रेस ने किसके लिए काम किया. कांग्रेस ने अपने लोगों को लाभ देने की व्यवस्था की थी. वित्त मंत्री ने स्पष्ट किया कि क्यों और किसके लिए किया. हमारी सरकार में वो योजना लागू नहीं होगी.

वहीं चुनाव के समय में ही आईडी और ईडी के कार्रवाई करने के कांग्रेस के बयान पर डिप्टी सीएम अरुण साव ने कहा कि देशभर में इनकी कार्रवाई लंबे समय से चल रही है. आज इनकी कार्रवाई शुरू हुई ऐसा नहीं है. वहीं लोकसभा चुनाव को लेकर आज होने वाली कांग्रेस की बैठक पर अरुण साव ने कहा कि कांग्रेस हार मान चुकी है.

## वे मैच फिक्सिंग कर रहे : राहुल गांधी

**नई दिल्ली,31 मार्च.** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को रामलीला मैदान में आयोजित इंडिया ब्लॉक की लोकतंत्र बचाओ महारैली को संबोधित करते हुए केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला।



उन्होंने कहा कि आजकल आईपीएल मैच चल रहे हैं और वो मैच फिक्सिंग कर रहे हैं। ये काम नरेन्द्र मोदी और देश के कुछ उद्योगपति कर रहे हैं। एम्पायर उनका... उन्होंने हमारे दो खिलाड़ियों को जेल में डाल दिया है। राहुल ने पीएम मोदी के चार सौ पार के दावे पर कहा कि वो 400 पार की बात करते हैं, लेकिन 180 से ऊपर नहीं जाएंगे। इंडिया गठबंधन की महारैली में शिरकत करने पहुंची सुनीता केजरीवाल ने पहली बार रैली को संबोधित किया और जमकर बीजेपी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, इन लोगों ने मेरे पति को जेल में डाल दिया और उन्हें इस्तीफा देना चाहिए। उन्होंने पूछा क्या केजरीवाल को इस्तीफा देना चाहिए?

सुनीता केजरीवाल ने अरविंद केजरीवाल का संदेश पढ़कर सबको सुनाया। उन्होंने कहा, मैं आज वोट नहीं मांग रहा हूं। मैं 140 करोड़ भारतीयों को नया भारत बनाने के लिए आमंत्रित करता हूं। भारत हजारों साल पुरानी सभ्यता वाला एक महान देश है। मैं जेल के अंदर से भारत माता के बारे में सोचता हूं और वो दर्द में है। आइए एक नया भारत बनाएं। अगर इंडिया एलायंस को मौका दिया जाए तो हम एक नया भारत बनाएंगे।

## आईईडी के कारण नहीं हो रहा बस्तर का विकास : उपमुख्यमंत्री शर्मा

**रायपुर,31 मार्च.** बीजापुर में हुए आईईडी ब्लास्ट में घायल युवक से मिलने डिप्टी सीएम विजय शर्मा हॉस्पिटल पहुंचे. युवक से मुलाकात विस्फोट में घायल हो गया है, जिसे उपचार के लिए रामकृष्ण अस्पताल में भर्ती कराया गया है. घायल युवक से मुलाकात करने रविवार को डिप्टी



कर हालचाल जाना. इस दौरान डिप्टी सीएम ने कहा कि बस्तर का विकास नहीं हो पा रहा है, इसका कारण बस्तर की सड़कों में भींचा हुआ आईईडी भी है. बीजापुर के गंगालूं थाना क्षेत्र में रहने वाला गुड्डू मेकाम (18 वर्षीय) आईईडी के सीएम विजय शर्मा पहुंचे. इस दौरान उन्होंने कहा कि आईईडी जो लगा है वह किसी को नहीं पहचानता. जानवर व ग्रामीण दोनों ही आहत हो रहे हैं. 11 तारीख को इस घटना के होने के बाद भी इन्हें रोक कर रखा गया. ऐसी और भी कई घटनाएं हैं. गांव वालों ने जब दबाव बनाया, डिप्टी सीएम ने कहा कि बस्तर में पहले चरण का चुनाव है, जिसकी वजह से इस प्रकार की घटना घट रही है. वहीं इसके चुनाव पर प्रभाव पड़ने वाले सवाल पर उन्होंने कहा कि चुनाव पर असर पड़ेगा ही, लेकिन विशेष रूप से नक्सलियों की कोशिश होती है कि भाजपा पर इसका प्रभाव पड़े. भाजपा के कार्यकर्ता ना जा पाएं. भाजपा के कार्यकर्ताओं को टारगेट किया जाता है. यह बहुत लंबा संघर्ष है, जो चल रहा है. विजय शर्मा ने कहा कि आज भी नारायणपुर में नक्सलियों ने कुछ ट्रकों में आगजनी की है. कुछ आत्मसमर्पण भी हुआ है. आत्म समर्पण की प्रक्रिया बहुत तेजी से बढ़ी है. आत्मसमर्पण की प्रक्रिया विश्वसनीय हो, सरल हो, नई जीवन की शुरुआत को प्रेरित करने वाला हो, ऐसा हम और प्रयास कर रहे हैं.

## नक्सलियों की कायराना हरकत 4 ट्रकों को किया आग के हवाले

**नारायणपुर,31 मार्च.** नक्सली अपनी कायराना करतूत से बाज नहीं आ रहे हैं. आज फिर से नारायणपुर जिले में नक्सलियों ने 4 ट्रकों में आगजनी की है. घटना से इलाके में हड़कंप मच गया है. यह मामला छोटेडोंगर थाना क्षेत्र का है. मिली जानकारी के अनुसार, नारायणपुर ओरछा



मार्ग पर छोटेडोंगर के बीच बस्ती में आत्मानंदन स्कूल के पास नक्सलियों ने की बीती रात आगजनी की वारदात को अंजाम दिया. जिन चार ट्रकों को नक्सलियों ने आग के हवाले किया है वह अमदई लौह अयस्क परिवहन की है. वहीं घटना के सौरान वाहन के चालक और परिचालक को नक्सली अपने साथ ले गये थे. जिसके कुछ देर बाद उन्हें छोड़ दिया. आगजनी के तुरंत बाद घटना स्थल पर जवानों ने कार्रवाई की. जिसके बाद नक्सली मौके से भाग निकले. इस घटना की पुष्टि नारायणपुर ASP रॉबिन्सन गुरिया ने की है.







## एक नजर

### युवक पर चाकू से हमला किया

**भिलाई, 31 मार्च।** भिलाई छावनी थाना क्षेत्र कैंप-दो में प्रकाश बेकरी के पास 28 मार्च की रात को बदमाशों ने एक युवक पर चाकू से जानलेवा हमला किया घटना में घायल युवक की हालत गंभीर बनी हुई है उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है एक दिन पहले ही पीड़ित का आरोपितों से विवाद हुआ था जिसका बदला लेने के लिए आरोपितों ने इस वारदात को अंजाम दिया था घटना की शिकायत पर छावनी पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ हत्या का प्रयास की धारा के तहत प्राथमिकी कर आरोपितों को गिरफ्तार किया है चटाई क्वार्टर निवासी आरोपित हरीश माखीजा उर्फ सिंधी और बलदेव सिंह उर्फ कालू ने शारदा पारा कैंप-दो प्रकाश बेकरी के पास निवासी दिलीप तांदुलकर उर्फ छोटू (31) पर 28 मार्च की रात को चाकू से जानलेवा हमला किया था पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपित प्रकाश बेकरी के पास बैठकर शराब पी रहे थे शिकायतकर्ता ने आरोपितों से कहा कि उसे भी शराब पिलाएं तो आरोपितों ने शराब पिलाने से मना करते हुए मारपीट शुरू कर दिया था इस पर दिलीप तांदुलकर उर्फ छोटू ने भी आरोपितों को दो थप्पड़ मार दिया था अगले दिन 28 मार्च को आरोपितों ने इसी बात का बदला लिया और पीड़ित से मारपीट करते हुए उसके पेट और पीठ में चाकू घोंप दिया पीड़ित युवक के परिवार वालों ने उसे सुपेला अस्पताल पहुंचाया, जहां से उसे एम्स रेफर कर दिया गया है वहीं घटना की शिकायत के बाद छावनी पुलिस ने आरोपित हरीश माखीजा उर्फ सिंधी और बलदेव सिंह उर्फ कालू के खिलाफ हत्या का प्रयास की धारा के तहत प्राथमिकी कर उन्हें गिरफ्तार किया दोनों आरोपितों को न्यायालय पेश किया जहां से उन्हें रिमांड पर जेल भेजा गया है ।

### जिले में शांतिपूर्ण मतदान करवाने के लिए पुलिस लगातार प्रयास कर रही



**भिलाई, 31 मार्च।** पुलिस ने पद्मनाभपुर, पोटिया, केलाबाड़ी और आसपास के क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया दुर्ग एसपी जितेंद्र शुक्ला, शहर एएसपी अभिषेक झा और पद्मनाभपुर थाना प्रभारी प्रशिक्षु आइपीएस अक्षय प्रमोद साबद्रा सहित अन्य अधिकारियों ने थाना क्षेत्र में पैदल फ्लैग मार्च किया पुलिस ने बदमाशों को ये चेतावनी दी कि यदि उन्होंने किसी भी प्रकार से शांति व्यवस्था भंग करने की कोशिश की तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी वहीं लोगों को यह संदेश दिया कि वे निर्भिक होकर मतदान करें पुलिस उनकी सुरक्षा के लिए हर समय तैनात है ।

### घर का ताला तोड़कर हजारों की चोरी

**भिलाई, 31 मार्च।** भिलाई सेलून चलाने वाले प्रार्थी को परिवार सहित छठी कार्यक्रम में जाना भारी पड़ गया। मौके का फायदा उठाकर अज्ञात आरोपी ने घर का ताला तोड़कर सोने चांदी के जेवरात एवं नगदी रकम की चोरी कर ली। प्रार्थी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 380, 457 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। पुलिस के मुताबिक शिव मंदिर के पास वार्ड 33 शिव पारा निवासी प्रार्थी प्रवीण सेन सेलून दुकान चलाता है। 27 मार्च को सुबह वह अपने परिवार के साथ छठी कार्यक्रम में शामिल होने फिंगेश्वर जिला गरियाबंद गया हुआ था। 29 मार्च को उसकी भतीजी प्राची सेन जब गाड़ी लेने के लिए घर के अंदर गई तो देखा कि घर के अंदर गेट-दरवाजे का ताला टूटा हुआ है। इस पर उसने फोन करके अपने चाचा को सूचना दी। अज्ञात आरोपी ने दरवाजे का ताला तोड़कर सोने का हार, सोने की चेन, सोने की बिंदिया, नथ, अंगूठी, झुमका, कान के इयरिंग, सोने की तीन जोड़ी बाली, फुल्ली, नथनी, सोने का लॉकेट, चांदी की दो जोड़ी पायल, करधन, बिछिया, सीसीटीवी का डीबीआर सहित आलमारी में रखे नगद 10000 रुपए की चोरी कर ली चोरी गए सामानों की कीमत 2,67,000 रुपए आंकी गई है पुलिस जांच कर रही है।

### सांकरा में कवि सम्मेलन के साथ होली मिलन भी



**भिलाई, 31 मार्च।** जागृति साहित्य समिति उतई द्वारा सांकरा के समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से सुरता स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के उपलक्ष्य में विराट कवि सम्मेलन एवं होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें अंचल के कवि चिंतामणी साहू ने अपने चिंतन भरी रचना से लोगों चिंता करने पर मजबूर कर दिया। दुर्ग भिलाई के युवा कवि ओज के सशक्त हस्ताक्षर डॉ यशवंत यश सूर्यवंशी अपनी ओजस्वी रचना से आम लोगों को ओतप्रोत कर दिए। नंदलाल यादव जी ने छत्तीसगढ़ी काब्य पाठ मंत्रमुग्ध कर दिया। रघुनाथ देशमुख जी ने शहीदों पर अद्भुत रचना पढ़ी। विष्णु कुर्रे जी ने हास्य व्यंग की रचना से वाह वाही बटोरी। जागृति साहित्य समिति के संचालक, और इस कार्यक्रम के संयोजक डॉ रमाशंकर सोनी जी ने अद्वितीय मंच संचालन कर लोगों को खूब गुदगुदाया और अंत तक लोगों को बैठने को विवश कर दिये। आभार प्रकट ग्राम सांकरा के वरिष्ठ नागरिक के द्वारा किया गया।

### पं. दीन दयाल स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विवि के मध्य शैक्षणिक अनुबंध

**दुर्ग, 31 मार्च ।** विगत 28 मार्च 2024 को छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय भिलाई एवं पं. दीन दयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़ के मध्य एमओयू किया गया। जिसमें सीएसवीटीयू भिलाई के कुलपति डॉ. एम. के. वर्मा एवं आयुष विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति डॉ. पी.के. पात्रा उपस्थित रहे। इस अनुबंध का उद्देश्य अनुसंधान एवं अकादमिक गतिविधियों के विकास पर दोनों संस्थानों द्वारा सयुंक्त प्रयास करना है। इस एमओयू के तहत फैकल्टी एवं छात्र दोनों संस्थानों में रिसर्च एक्टिविटी हेतु आवागमन कर शैक्षणिक एवं शोध कार्य कर सकते है।

# कार्यशाला में इंडस्ट्री 4.0 व इसके संभावित प्रयोगों की जानकारी दी गई

**भिलाई, 31 मार्च।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के भिलाई प्रबंधन विकास केंद्र में एक दिवसीय 28 मार्च 2024 को अधिकारियों व कार्मिकों के बीच जागरूकता के लिए डिमिस्टिफाइंग इंडस्ट्री 4.0 कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की श्रृंखला का उद्देश्य, सेल जैसी विनिर्माण इकाई में इंडस्ट्री 4.0 और इसके सम्भावित प्रयोगों के बारे में जानकारी प्रदान करना है। श्रृंखला की इस दूसरी कार्यशाला में 22 अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (एम एंड यू) श्री असित साहा एवं विशिष्ट अतिथि महाप्रबंधक (ए एंड डी) श्री रविशंकर थे।

विदित हो, कि भिलाई इस्पात संयंत्र के कर्मचारियों के बीच इंडस्ट्री 4.0 के प्रमुख घटकों, विनिर्माण उद्योग में इसकी प्रासंगिकता और वर्तमान विनिर्माण प्रक्रियाओं और टेक्नोलॉजी पर इसके प्रभाव के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से, बीएमडीसी द्वारा जागरूकता कार्यक्रम मॉड्यूल डिजाइन किया गया है। अधिकारियों और कार्मिकों की व्यापक संख्या (लगभग 500) को कवर करने के लिए, बीएमडीसी ने आयोजित इस कार्यक्रम को श्रृंखला के रूप में आयोजित करने की योजना बनाई गई है। इस क्रम में पहला जागरूकता कार्यक्रम 27 फरवरी 2024 को बीएमडीसी में आयोजित किया गया था, जिसमें संयंत्र के विभिन्न विभागों के 27 अधिकारियों ने कार्यक्रम में भाग लिया था।

इस कार्यशाला के अलग-अलग सत्रों के फेकल्टी डीएक्स टीमों के सदस्य थे। जिन्होंने विभिन्न उपकरणों के माध्यम से कार्यक्रम को रोचक बनाया। फैकल्टी के रूप में श्री संदीप साहू, श्री शुभाशीष नंदी, श्री एस पी राजकुमार, श्री जे पी एस चौहान, सुश्री नीरजा शर्मा एवं श्री सरोज कुमार इस कार्यक्रम में सम्मिलित थे।

### सेवानिवृत्ति पर बीएसपी प्रबंधन ने दी विदाई

सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र की सेवा से मार्च 2024 माह में सेवानिवृत्त हो रहे कार्यपालकों व कर्मचारियों को विभिन्न स्थानों में आयोजित समारोह में भावभीनी विदाई दी गई। भिलाई इस्पात संयंत्र में मार्च 2024 में कुल 106 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए, जिसमें कुल 8 कार्यपालक, 89 गैर-कार्यपालक शामिल है। सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों में खदान बिरादरी के 9 सदस्य भी शामिल हैं। संयंत्र के कार्मिकों हेतु गरिमामयी विदाई समारोह का आयोजन 30 मार्च 2024 को भिलाई निवास के बहुउद्देशीय सभागार में किया गया। इस अवसर पर उपस्थित भिलाई इस्पात संयंत्र की मुख्य महाप्रबंधक (कार्मिक) श्री संदीप माथुर, महाप्रबंधक (पर्सनल नॉन-वर्क्स एवं माइन्स) श्री एस के सोनी तथा बीएमएस पदाधिकारी श्री आई पी मिश्रा द्वारा कार्मिकों को सेवानिवृत्ति आदेश प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त भिलाई इस्पात संयंत्र की सेवा से मार्च 2024 माह में सेवानिवृत्त हो रहे कार्यपालकों को विगत दिनों इस्पात भवन के निदेशक प्रभारी सभागार में आयोजित समारोह में भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर संयंत्र के निदेशक प्रभारी श्री अनिर्बान दासगुप्ता तथा कार्यपालक निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन) श्री पवन कुमार ने कार्यपालकों को सेवानिवृत्ति आदेश प्रदान किया। श्री दासगुप्ता ने उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके स्वस्थ एवं उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के विभिन्न विभागों और खनिज नगरों में पदस्थ कुल 106 कर्मचारी अपनी लम्बी सेवा के बाद 31 मार्च 2024 को सेवानिवृत्त हुए। विदा होने वाले इस्पात बिरादरी को संयंत्र प्रबंधन ने उनके योगदान को रेखांकित करते हुए उनके स्वस्थ एवं सुखी जीवन की कामना की।

### यूनिवर्सल रेल मिल के कर्मचारी शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित




सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के शिरोमणि पुरस्कार योजना के तहत उत्कृष्ट एवं अनुकरणीय कार्य निष्पादन के लिए संयंत्र के यूनिवर्सल रेल मिल के (ओसीटी) श्री भेष राम और (ओसीटी) श्री सतीश कुमार का कर्म शिरोमणि पुरस्कार हेतु चयन हुआ और उन्हें सम्मानित किया गया।कर्म शिरोमणि पुरस्कार का मुख्य उद्देश्य अपने कार्यस्थल में नवीनता, बेहतर संसाधनों का उपयोग एवं संगठनात्मक उद्देश्यों को पूरा करने, सुरक्षा के मानक मापदण्डों के साथ विभाग में उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले कर्मठ एवं सृजनशील कार्मिकों को विशेष पहचान प्रदान कर सम्मानित करना है।समारोह में चयनित कार्मिकों को मुख्य महाप्रबंधक (यूआरएम) श्री अनीश सेनगुप्ता द्वारा स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र के साथ उनके जीवनसाथी को प्रशंसा पत्र तथा मिठाई का कूपन देकर सम्मानित किया गया। साथ ही उन्होंने शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित होने वाले कार्मिक को बधाई देते हुए उनके कार्य के प्रति कर्मठ योगदान की प्रशंसा की। समारोह में महाप्रबंधक (यूआरएम) श्री शिशिर शुक्ला, महाप्रबंधक (यूआरएम) श्री संजय कुमार, महाप्रबंधक (यूआरएम) श्री एस के ओस्वाल, महाप्रबंधक (यूआरएम) श्री रजत मुखर्जी, महाप्रबंधक (यूआरएम) श्री डी बेहरा, वरिष्ठ प्रबंधक (यूआरएम) श्री बिरेन्द्र कुमार, प्रबंधक (यूआरएम) श्री अक्षय कुमार, अतिरिक्त श्रम कल्याण अधिकारी श्री बहोरंलाल साहू सहित अन्य अधिकारीगण तथा कार्मिकगण उपस्थित थे।

### एमआरडी विभाग में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आयोजन

भिलाई इस्पात संयंत्र में स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान एम आर डी विभाग में, मुख्य महाप्रबंधक (एमआरडी) श्री सुशील कुमार के मार्गदर्शन में 28 मार्च 2024 को स्वच्छता ही सेवा÷ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कचरा मुक्त भारत एवं स्वच्छता ही सेवा को रेखांकित करते हुए, अतिरिक्त श्रम कल्याण अधिकारी श्री साजिद खान द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कार्मिकों ने स्वच्छता पखवाड़ा अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।स्वच्छता कार्यक्रम में, विभाग से महाप्रबंधक (एमआरडी) श्री आलोक माथुर, महाप्रबंधक (एमआरडी) श्री दीनामनी नायक, विभागीय सुरक्षा अधिकारी एवं सहायक महाप्रबंधक (एमआरडी) श्री अवनीश दुबे, प्रबंधक (एमआरडी) श्री प्रशांत यादव, कनिष्ठ अधिकारी (एमआरडी) श्री अजय शर्मा, श्री विजय वर्मा, श्री मनीष श्रीवास्तव, श्री चैन सिंह साहू, श्री असलम, श्री मुकेश सहित अन्य प्रशिक्षणार्थीगण एवं ठेका श्रमिक उपस्थित रहे।

## भाजयुमो जिला कार्यसमिति की बैठक में भाजपा के प्रत्याशी को भारी बहुमत से जिताने का संकल्प लिया



कवर्धा, 31 मार्च। लोकसभा चुनाव की तैयारियों को तेज करते हुए भारतीय जनता पार्टी लगातार विभिन्न कार्यक्रमों और अभियानों के तहत कार्यकर्ताओं को चार्ज करने में जुटी हुई है. इसी सिलसिले में जिला भाजपा कार्यालय में युवा मोर्चा की जिला कार्यसमिति का आयोजन किया गया. बैठक में सांसद प्रत्याशी संतोष पाण्डेय,भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक साहू,पूर्व जिला अध्यक्ष अनिल ठाकुर ,महामंत्री संतोष पटेल ,जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि दिनेश चंद्रवंशी ,उपाध्यक्ष वीरेंद्र साहू,भाजपा उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी , कवर्धा विधानसभा संयोजक तथा भाजपा के जिला उपाध्यक्ष जसविंदर बग्गा, युवा मोर्चा प्रदेश मंत्री पियूष ठाकुर ,प्रदेश कार्यसमिति, सदस्य युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष मनीराम साहू,साथ सभी मंडल अध्यक्ष,महामंत्री एवं जिला पधाधिकारी के उपस्थिति में राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र से साँसद प्रत्याशी संतोष पांडे को भारी बहुमत से विजय दिलाने का संकल्प कार्यकर्ताओं ने लिया । बूथ विजय अभियान के तहत प्रत्येक बूथ में जाकर लाभार्थी संपर्क एवं प्रत्येक बूथ पर घर घर झंडा लगाने के संदर्भ में व्यापक रणनीति पर चर्चा किया गया । इस अवसर पर सांसद प्रत्याशी संतोष पाण्डेय ने कहा भारतीय जनता पार्टी में कमल का निशान ही हमारा प्रत्याशी होता है ,सम्माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने इन 10 वर्षो में जो कार्य किये है उनसे भी बड़े कार्य आगामी वर्षो में होंगे । केंद्र में मोदी सरकार ने 370 अनुच्छेद हटाया,ष्ट्ठ्ठ ट्रिपल तलाक जैसे कानून बनाये वही दूसरी ओर गरीबो को पक्का मकान,शौचालय और किसानों को कृषक सम्मान निधि जैसे लाभ सीधे हितग्राहियों तक पहुचाये । मोदी जी के अबकी बार 400 पार के संकल्प को पूरा करना हम सब कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है और अधिक परिश्रम के साथ चुनावी रण में हमे उतरना है । वही पूर्व विधायक अशोक साहू एवं युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष मनीराम ने आगामी चुनाव के मद्देनजर बूथ स्तर पर होने वाले कार्यक्रमो को विस्तार से कार्यकर्ताओ के समक्ष रखा । बैठक में सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता गण मौजूद रहे सभी ने अबकी बार 400 पार के नारे को धरातल में कर दिखाने का संकल्प लिया । बूथ विजय अभियान के तहत 30 मार्च से घर घर झंडा लगाकर चुनाव समर में उतरेगे ।

### ध्वजवाहकों का सम्मान समारोह 31 मार्च को

**भिलाई नगर।** श्रीराम जन्मोत्सव समिति भिलाई द्वारा इस बार लगातार 39वें वर्ष श्रीरामनवमी का भव्य आयोजन किया जाएगा। इसके पूर्व समिति द्वारा 31 मार्च, रविवार को विभिन्न प्रखण्डों के अंतर्गत विभिन्न मंदिरों एवं पूजा स्थलों से ध्वज लेकर निकलने ध्वजवाहकों का सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समिति के संरक्षक, पूर्व मंत्री श्री प्रेमप्रकाश पाण्डेय उपस्थित रहेंगे। वहीं समिति के वरिष्ठ पदाधिकारी भी कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे।श्रीराम जन्मोत्सव समिति के युवा विंग अध्यक्ष मनीष पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि श्रीराम जन्मोत्सव समिति जिसकी नींव ही श्रीराम मंदिर आंदोलन के साथ ही रखी गई थी, इसका संकल्प भी पूरा हुआ। समिति द्वारा इस वर्ष भी भव्य रूप से श्रीरामनवमी का आयोजन किया जाएगा।

### फ्लोटिंग विंग्स स्विमिंग एकेडमी का समर प्रशिक्षण शिविर आयोजित

**उतई, 31 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** दुर्ग जिले के खेलगांव पुरई की राष्ट्रीय अंतराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त फ्लोटिंग विंग्स स्विमिंग एकेडमी का ग्रीष्म कालीन तैराकी प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन 31 मार्च कोदोपहर 5बजे डी पी एस दुर्ग जुनवानी के प्राचार्य यशपाल शर्मा के मुख्य आतिथ्य में ग्राम पुरई में संपन्न होगा । एकेडमी के वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर कोच ओम कुमार ओझा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जानकारी दी कि इस प्रशिक्षण शिविर में 5वर्ष से 15 वर्ष की उम्र के 50 बालक बालिकाओं को प्रवेश देकर एक माह का प्रशिक्षण दिया जायेगा । प्रशिक्षण का समय प्रातः 6 बजे से 9 बजे तक तथा दोपहर 4 बजे से 6 बजे तक निर्धारित किया गया है । इसी प्रशिक्षण के दरमियान कुशल तैराक राष्ट्रीय स्तर एवम अन्य स्पर्धाओं के लिए चयनित भी किए जाएंगे । प्रशिक्षण खेलगांव पुरई के डोंगिहा तालाब में होगा । गौरतलब है कि डोंगिहा तालाब वही ख्याति प्राप्त तालाब है जहां से प्रशिक्षण प्राप्त कर तथा अपनी तैराकी की कला कौशल का श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए ईश्वर ओझा , चंद्रकला ओझा ,ओम कुमार ओझा ,तनुश्री कोसरे ने वर्ल्ड रिकार्ड स्थापित कर गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज कराया है । इसके अतिरिक्त अनेक तैराक राष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धाओं के लिए चयनित हुए हैं साथ ही उपलब्धियां हासिल की है स्विमिंग एकेडमी के संरक्षक अध्यक्ष दिवाकर गायकवाड़ एवम एकेडमी से जुड़े डॉ विश्वनाथपाणिग्राही पाणिग्राही ने अपील जारी किया है उद्घाटन कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर एकेडमी की गतिविधियों से रूबरू हों तथा अपने बच्चों को देश हित में में कुशल तैराक बनाएं ।

### फाग प्रतियोगिता में शामिल हुए विधायक



**उतई, 31 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा अंतर्गत ग्राम चंगोरी में स्वर्गीय खुमान चंद्रवंशी एवम संतोष यादव के स्मृति में आयोजित दो दिवसीय फाग प्रतियोगिता में सम्मिलित हुए विधायक ललित चंद्राकर इस अवसर पर सभी से आत्मीय भेंट कर उत्साह, उल्लास और आनंद के पर्व होली व रंगपंचमी पर्व हार्दिक बधाई प्रेषित कियारंगों के इस पावन पर्व पर यही कामना कि सबके जीवन में सुख, समृद्धि, ऋद्धि-सिद्धि आए बैर मिटे व सौहार्द एवं स्नेह बढ़े। साथ ही विष्णु देव सरकार जी की महत्वाकांक्षी योजना के बारे में जानकारी प्रदान किया सरकार की योजना का अधिक से अधिक लोगों को लाभ लेने के लिए प्रेरित कियाइस अवसर पर प्रमुख रूप गिरेश साहू जी मंडल अध्यक्ष श्री गुमान देशमुख अध्यक्ष आयोजक समिति, श्री ठाकुर राम विश्वकर्मा संरक्षक ,श्री हेमंत पारकर ,प्रेम श्री नारायण कवर उपाअध्यक्ष श्री रूपेंद्र देशमुख, श्री बिरेंद्र गौतम, श्री फागेश्वर देशमुख, श्री झूमन लाल निषाद श्री कोमल कुर्रे,श्री रूपेंद्र, डा सुरेश देशमुख,श्री नोहर सिंह, श्री शेषणारायण चंद्रवंशी,श्री आनद राम, मलेश,मंशाराम श्री तिलक नेताम डा सोहन श्री पी .आर .देशमुख व आयोजन समिति के सभी सदस्य व देव तुल्य जनता जनार्दन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।




### शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शिविर में 20 लोगों ने किया रक्तदान

**कवर्धा।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बी.एल.राज के मार्गदर्शन में डॉ. सतीश शर्मा, आरएमए डॉ. शिवगोपाल परिहार के द्वारा शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कवर्धा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 20 लोगों ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। जिला चिकित्सालय में जिले से अनेक मरीज पहूंचते है, जिसमें प्रमुख रूप से एक्सीडेंटल मरीज, गर्भवती माताएं, सिकलसेल के मरीज और थैलेसिमिया के रोगियों को रक्त की त्वरित आवश्यकता होती है। जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक में प्रचुर मात्रा में सभी समूह के रक्त की आवश्यकता होती है जब भी आवश्यकता पडें तत्काल उपलब्ध हो जाए। रक्तदाताओं को सीएमएचओ डॉ राज के द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### मार्च माह के अंतिम तीनों दिन खुले रहे भिलाई-चरौदा निगम के टैक्स काउंटर

**भिलाई, 31 मार्च।** नगर निगम भिलाई-चरौदा कमिश्नर डी.एस.राजपूत के निर्देशानुसार मार्च माह के अंतिम तीनों दिन निगम कार्यालय में टैक्स जमा करने की सुविधा उपलब्ध रही। यह बता दे कि क्षेत्र के नागरिकों की सहूलियत को मद्देनजर अवकाश के दिनों में भी निगम के कर्मचारियों द्वारा कार्यालय में टैक्स जमा लिया जायेगा।निगम राजस्व विभाग की प्रमुख सहायक राजस्व अधिकारी श्रीमती अरूणिमा दुबे ने बताया कि निगम को साल भर के अंदर प्राप्त होने वाले समस्त करो, जिसमें संपत्ति कर, समेकित कर, जलकर, भू-भाटक, एवं शिक्षा उपकर शामिल है का बड़ा हिस्सा मार्च माह में प्राप्त होने की संभावना होती है।

उल्लेखनीय है कि वित्तीय वर्ष की गणना 1 अप्रैल से प्रारंभ कर 31 मार्च तक की जाती है। ऐसे में मार्च माह में सर्वाधिक टैक्स जमा करने की स्थिति देखी गयी है जिस कारण समय सीमा में लक्ष्य अनुरूप राजस्व वसूली करने निगम के कर्मचारियों द्वारा कार्य किया जा रहा है। 31 मार्च की स्थिति में अपने समस्त करो का भुगतान निगम कोष में जमा करने से किसी भी प्रकार के अधिभार से बजा जा सकता है।

### चापड़ लहराता युवक गिरफ्तार

**भिलाई, 31 मार्च।** भिलाई पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि एक युवक रामनगर मुक्तिधाम के पास अपने हाथ में लोहे का चापड़ (दाब) रखकर लहरा रहा है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर युवक को घेराबंदी कर पकड़ा पूछताछ करने पर अपना नाम आदित्य यादव उर्फ डम्पी (20 वर्ष) निवासी कैम्प -1 बताया गया वैशाली नगर टीआई ममता अली शर्मा ने बताया कि आरोपी के खिलाफ धारा 25,27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### युवक ने घर में खुदकुशी की

**भिलाई, 31 मार्च।** भिलाई अंडा थाना क्षेत्र युवक ने मां की साड़ी को फंदा बनाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है अंडा टीआई श्रद्धा पाठक ने बताया कि बाजार चौक निकुम निवासी टिकेश्वर यादव ने अपनी मां की साड़ी को फंदा बनाकर मकान में म्यार में फांसी लगा लिया आत्महत्या का कारण अज्ञात है बताया जा रहा है कि मृतक युवक अविवाहित है

## स्थैतिक निगरानी दल के लिए प्रभारी अधिकारी नियुक्त

**दुर्ग, 31 मार्च ।** लोकसभा निर्वाचन-2024 के अंतर्गत जिले में निर्वाचन कार्य को सम्पन्न कराने के लिए स्थैतिक निगरानी दल की नियुक्ति की गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार निर्वाचन कार्य को दृष्टिगत रखते हुए स्थैतिक निगरानी दल के साथ वीडियोग्राफर की ड्यूटी लगाई गई है। जारी आदेशानुसार दुर्ग जिले के अंतर्गत सम्पूर्ण क्षेत्र के लिए 51 स्थैतिक निगरानी दल प्रभारी अधिकारी की नियुक्ति की गई है। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 62-पाटन के एसएसटी पाईंट महादेव घाट नदी के पास थाना क्षेत्र अमलेश्वर के लिए दल प्रभारी उप अभियंता नगर पंचायत पाटन श्री थानेश्वर वर्मा एवं सहायक श्रमायुक्त श्रम निरीक्षक श्री अमित कुमार चिराम को नियुक्त किया गया है। इनके साथ वीडियोग्राफर श्री मनीष की ड्यूटी लगाई गई है। सहायक श्रमायुक्त श्रम निरीक्षक श्री महेन्द्र पाल के साथ वीडियोग्राफर श्री खिलेश की ड्यूटी लगाई गई है। एसएसटी पाईंट कुम्हारी टोल प्लाजा के लिए कार्यपालन अभियंता नगर निगम भिलाई जोन-4 के दल प्रभारी श्री अखिलेश चंद्राकर के साथ वीडियोग्राफर श्री मिथलेश कुमार, ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण उप अभियंता कार्यपालन अभियंता दल प्रभारी श्री राजेन्द्र कुमार कसेर के साथ वीडियोग्राफर श्री सत्यम कुमार, सेठ रतन चंद्र सुराना कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय के दल प्रभारी सहायक प्राध्यापक डॉ.उमेश वैद्य के साथ वीडियोग्राफर श्री रूपेन्द्र कुमार। एसएसटी पाईंट बेल्हारी पाटन चौक थाना क्षेत्र जामगांव आर के लिए अनुभाग अधिकारी श्री श्रीधर जोशी के साथ वीडियोग्राफर श्री शुभम ठाकुर, स्टेशन अधिकारी श्री सुगंध चौधरी के साथ वीडियोग्राफर श्री मनीष कुमार, अनुभाग अधिकारी श्री रोमन कुमार सिन्हा के वीडियोग्राफर श्री सोहम साहू की ड्यूटी लगाई गई है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 63-दुर्ग ग्रामीण के एसएसटी पाईंट कौही (नदी के आगे भखारा जिला धमतरी मार्ग की तरफ) थाना क्षेत्र रानीतराई के लिए कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय भिलाई नगर के सहायक प्राध्यापक श्री पंकज कुमार जैन को एसएसटी दल का प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। इनके वीडियोग्राफर श्री हेमंत रहेंगे। जिला कार्यालय खनिज शाखा खनिज सुपरवाईजर श्री अशोक कुमार गुप्ता के वीडियोग्राफर श्री प्रवीण ठाकुर, वाणिज्यकर अधिकारी दुर्ग वृत्त श्री ओम प्रकाश साहू के वीडियोग्राफर श्री हेमंत की ड्यूटी लगाई गई है। एसएसटी पाईंट तरीघाट (नदी के पास) अभनपुर जिला रायपुर मार्ग की ओर थाना क्षेत्र पाटन के लिए शासकीय महाविद्यालय जामुल के सहायक प्राध्यापक डॉ.संजय परगनिहा को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है, इनके वीडियोग्राफर श्री राकेश रंजन रहेंगे। उप निरीक्षक नगर पालिक निगम रिसाली श्री किशोर कुमार रामटेके के वीडियोग्राफर श्री कान्हा देवांगन, शासकीय चंदुलाल चंद्राकर महाविद्यालय पाटन के सहायक प्राध्यापक श्री जितेन्द्र कुमार के वीडियोग्राफर श्री राकेश रंजन की ड्यूटी लगाई गई है। एसएसटी पाईंट अण्डा बालोद मार्ग (नागनदाई मंदिर के पास) थाना क्षेत्र अण्डा के लिए सेक्शन अधिकारी श्री राजेश्वर डी एवं अनुभाग अधिकारी श्री रियाज अख्तर को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। इनके वीडियोग्राफर श्री सौरभ साहू रहेंगे। अनुभाग अधिकारी श्री विजय कुमार सिंह के वीडियोग्राफर श्री राहूल कुमार की ड्यूटी लगाई गई है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 64-दुर्ग शहर के एसएसटी पाईंट इंदिरा नगर उतई (उतई धनोरा मार्ग) थाना क्षेत्र उतई के लिए शासकीय महाविद्यालय पेण्ड्रावन के सहायक प्राध्यापक श्री अनिल कुमार देवांगन एवं केन्द्रीय उत्पाद शुल्क एवं सीमा शुल्क व सेवाकर प्रभाग-2 भिलाई कार्यकारी सहायक कार्यालय सहायक श्री रौनक गजेन्द्र को नियुक्त किया गया है। इनके वीडियोग्राफर श्री नमन रहेंगे। लोक निर्माण विभाग दुर्ग संभाग उप अभियंता कार्यपालन अभियंता श्री मनीष तिवारी के वीडियोग्राफर श्री कुलदीप कुर्रे की ड्यूटी लगाई गई है। एसएसटी पाईंट अंजोरा बाईपास तिराहा थाना क्षेत्र चौकी अंजोरा के लिए खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री क्षीरसागर पटेल के वीडियोग्राफर श्री महेश यादव, शासकीय महाविद्यालय रिसाली के सहायक प्राध्यापक श्री लिनेन्द्र कुमार वर्मा के वीडियोग्राफर श्री ऋषि राज निर्मलकर, वाणिज्य कर निरीक्षक वाणिज्यकर अधिकारी श्री गोशिवेंद्र टांडे के वीडियोग्राफर श्री जय देशमुख की ड्यूटी लगाई गई है। एसएसटी पाईंट जालबांधा तिराहा थाना क्षेत्र बोरी के लिए अनुभाग अधिकारी श्री शकील अहमद एवं वरिष्ठ संचालक श्री चंद्र शेखर नामदेव को नियुक्त किया गया है। इनके वीडियोग्राफर श्री आशुतोष रहेंगे। निरीक्षक एस्टेट श्री अजय बनर्जी के वीडियोग्राफर श्री समीर चिमोटे की ड्यूटी लगाई गई है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 65-भिलाई नगर के एसएसटी पाईंट उमदा जरवाय मार्ग थाना क्षेत्र पुरानी भिलाई के लिए शासकीय महाविद्यालय जामगांव आर सहायक प्राध्यापक श्री ऐश्वर्य सिंह ठाकुर एवं ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण उप अभियंता अधीक्षण अभियंता श्री बी.चंद्रशेखर राव के वीडियोग्राफर श्री मीत वाजपेयी, शासकीय महाविद्यालय रिसाली के सहायक प्राध्यापक श्री वेदप्रकाश सिंह के वीडियोग्राफर श्री यशस्वी यदू। एसएसटी पाईंट अंजोरा ढाबा के पास थाना क्षेत्र चौकी नगपुरा के लिए वाणिज्यक कर वाणिज्य कर अधिकारी श्री सतीश विनायक एवं सेठ रतन चंद्र सुराना कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक श्री नीलेश कुमार तिवारी के वीडियोग्राफर श्री प्रताप कुंभकार, कार्यालय सहायक आयुक्त कार्यकारी सहायक श्री अमित कुमार के वीडियोग्राफर श्री धरम ढीमर की ड्यूटी लगाई गई है। एसएसटी पाईंट लिटिया सेमरिया मोहंदी चौकी थाना क्षेत्र चौकी लिटिया के लिए वरिष्ठ संचालक श्री संजय कुमार वर्मा एवं श्रम कल्याण अधिकारी श्री सुखचंद के वीडियोग्राफर श्री दीपक नागवंशी, सहायक प्रबंधक श्री विवेक मिश्रा के वीडियोग्राफर मोहित ध्रुव की ड्यूटी लगाई गई है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 66-वैशाली नगर के एसएसटी पाईंट ठेलका चौक थाना क्षेत्र धमधा के लिए राजस्व निरीक्षक श्री रमेश कुमार वर्मा एवं आई आर विभाग बीएसपी श्री प्रवीण शर्मा

### जुआ खेलते 5 पकड़ाए

**महासमुंद।** कोतवाली पुलिस ने स्थानीय बस स्टैंड में जुआ खेलते पांच को पकड़ा है। उनके कब्जे से 1530 रुपए नकदी जब्त की गई। 29 मार्च को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने लालवानी गली महासमुंद निवासी नागेंद्र उर्फ दादू साहू (27), बुगलू चौक नयापारा महासमुंद निवासी अब्दुल हनीफ खान (22), नयापारा महासमुंद निवासी मौसिन खान (19), नयापारा महासमुंद निवासी सुमित कर्व अंसारी (40) को पकड़ा।

### निधन

**प्रकाश कौर**



**भिलाई।** प्रकाश कौर (86) धर्मपत्नी स्वर्गीय अजीत सिंह निवासी शिक्षक नगर कोहका स्ट्रीट नंबर 6 ईदगाह चौक का आज स्वर्गवास हो गया जिनके पार्थिव शरीर का दाह संस्कार कल 12ः00 बजे दोपहर रामनगर मुक्तिधाम में किया जाएगा वे रणजीत सिंह संचालक , भाजपा नेता धर्मेंद्र सिंह,, राजिंदर सिंह,, हरविंदर सिंह,, सतविंदर सिंह,, की माताजी थी।

## एक नजर

### प्रत्याशियों को अवकाश के दिन में नाम निर्देशन पत्र नहीं मिलेगा

**राजनांदगांव 31 मार्च।** छत्तीसगढ़ राजपत्र में सामान्य प्रशासन विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा निगोशिएबल ईन्स्ट्रूमेंट्स एक्ट 1881 की धारा 25 के तहत सार्वजनिक अवकाशों की सूची का प्रकाशन किया गया है। 31 मार्च 2024 दिन रविवार को सार्वजनिक अवकाश तथा 1 अप्रैल 2024 दिन सोमवार को बैंकों की वार्षिक लेखाबंदी हेतु सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। इसके अंतर्गत लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु नाम निर्देशन पत्र 31 मार्च 2024 दिन रविवार तथा 1 अप्रैल 2024 दिन सोमवार को प्राप्त नहीं किए जाएंगे।

### बुचीभरदा स्कूल में न्योता भोज आयोजित

**राजनांदगांव 31 मार्च।** शनिवार 30 मार्च को न्योता भोज का आयोजन मनोज कुमार चन्द्राकर द्वारा अपने पूर्वजों के स्मृति में,पूर्व माध्यमिक शाला बुचीभरदा एवं प्राथमिक शाला बुचीभरदा में पढ़ने वाले बच्चों को न्योता भोज के अंतर्गत % केला फल %का वितरण किया गया। सर्व प्रथम मनोज कुमार चन्द्राकर का स्वागत लेमत भुआर्य मैडम द्वारा पुष्पगुच्छ से किया, माध्यमिक शाला के उपाध्यक्ष उत्तम कलिहारी का स्वागत विनोद कुमार चन्द्राकर द्वारा तिलक लगाकर एवं पुष्पगुच्छ से किया गया। आयोजन समारोह में चान्ता राम साहू प्र पा माध्यमिक, राकेश कुमार सोनी प्र पा प्राथमिक, रितुराज चतुर्वेदी, विनोद कुमार चन्द्राकर,किशन कुमार देवांगन, सुश्री लेमत भुआर्य, उत्तम कलिहारी, मनोज कुमार चन्द्राकर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुशीला मंडलोई, सहायिका लीला मंडलोई, रसोइया किरण साहू, अंजनी निषाद, गायत्री यादव, स्वीकार उमेश्वर निषाद, लीलाधर साहू, अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### भाजपा ने विजय संकल्प दिवस मनाया

**राजनांदगाँव 31 मार्च।** संसदीय क्षेत्र के सभी भाजपा मंडलों में आज विजय संकल्प अभियान प्रारंभ किया गया जिसके तहत सभी मतदान केंद्र के भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने घरों में भाजपा का झण्डा लगाकर विजय का संकल्प लिया। इस अभियान के तहत भाजपा कार्यकर्ता बूथ केंद्र के घरों मे जाकर भाजपा का झण्डा लगाने का कार्य कर रहें हैं। भाजपा मीडिया सेल द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार प्रदेश महामंत्री भरत वर्मा,जिला अध्यक्ष रमेश पटेल,भाजपा नेता बन्टी भाटिया ने अपने घरों मे भाजपा का झण्डा फहराकर आम नागरिकों से कहा की केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने अपने 10 वर्षों के शासन काल में देश का गौरव ही नहीं बढ़ाया बल्कि देश को आर्थिक व सामरिक दृष्टि से भी मजबूत बनाया हैं। इससे पूरी दुनिया में भारतीयों का सिर गर्व से ऊंचा हो गया हैं। भाजपा नेताओं ने क्षेत्र की जनता से एक बार फिर मोदी सरकार बनाने की अपील करते हुए कहा की मोदी सरकार का तीसरा कार्यकाल बड़े-बड़े फैसलों का होगा,जिससे देश की उन्नति का मार्ग प्रसस्त होगा इसके लिए आवश्यक है की क्षेत्र की जनता भाजपा प्रत्याशी संतोष पाण्डेय को बड़े बहुमत से विजय बनावे।

### सर्व आदिवासी समाज ने दी परमानंद कुर्रे को बधाई

**अंवरी 31 मार्च।** सतनामी समाज जिला धमतरी के निर्वाचन मंडल के प्रधान संचालक नियुक्त होने पर परमानंद कुर्रे को सर्व आदिवासी समाज के पदाधिकारी ने भी बधाई दी है। उन्होंने कहा है कि हम सबको संविधान समान अधिकार देता है, जब तक हम मिलकर नहीं लड़ेंगे, तब तक जीता नहीं जा सकता । सामाजिक कट्टरता से ऊपर उठकर हमें आगे आना होगा । बधाई देने वालों में से प्रमुख रूप से पत्रकार एवं वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता बसंत ध्रुव, अंगार मोती ट्रस्ट गंगरेल धमतरी के अध्यक्ष जीवराखन लाल मरई, आदिवासी ध्रुव गोड समाज अध्यक्ष ललित ठाकुर, माधव सिंह ठाकुर, हरिश्चंद्र मंडावी,बोधन छेड़ैया, लाकेश्वर नेताम,संजय नेताम,शिवचरण नेताम, देवनाथ नागरची, निखिल ध्रुव शामिल है।

### भठेली के युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**अंवरी 31 मार्च।** नगर पंचायत भखारा भठेली के लेख राम साहू पिता शंकर लाल साहू उम्र -38 वर्ष ने घर के बाड़ी की आम के वृक्ष पर लगभग 10 बजे रात्रि से सुबह 4 बजे के मध्य रात्रि में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया आसपास के लोगों के द्वारा सुबह इस घटना को देखने पर एवं उसके छोटे भाई द्वारा तत्काल भखारा थाना में घटना की सूचना दी गई। तत्पश्चात पुलिस घटना स्थल पहुँच कर शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और पोस्टमार्टम के बाद मृतक के शव को परिजन को सौंपा गया। युवक की आत्महत्या करने का कारण अज्ञात है।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत नई आशा व उमंग से आगे बढ़ रहा: मधुसूदन

**राजनांदगांव 31 मार्च ।** हम सकारात्मक मतों के लिए जनता के बीच जाएंगे। पिछले 10 वर्षों से माननीय नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत नई आशा और उमंग से आगे बढ़ रहा है। 2014 में जब माननीय नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपानीत एनडीए सरकार ने जब सत्ता संभाली उस समय देश भ्रष्टाचार , नीतिपंगुता, लचर व्यवस्था, मंहगाई, बेरोजगारी की परिचायक कांग्रेसनीत यूपीए गठबंधन की सरकार से त्रस्त और हताश हो चुका था। भारत की प्रगति थम गई थी । 2004 में भारत विश्व की 11वीं अर्थव्यवस्था में शामिल था और 10 साल के बाद जब जनता ने कांग्रेसनीत यूपीए गठबंधन को उखाड़ फेंका तब भारत में अर्थशास्त्री प्रधानमंत्री होने के बावजूद भी 11वें नम्बर पर ही था। उक्ताशय के उदगार राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के संयोजक , पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने व्यक्त किए । भाजपा मीडिया सेल द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार श्री यादव ने कहा कि आज 2024 में भाजपानीत एनडीए गठबंधन की सरकार में भारत विश्व की पांच बड़ी अर्थव्यवस्था में शुमार हो चुका है। आज भारत विश्व स्तरीय आधारभूत संरचना के विकास, आधुनिक रेल्वे स्टेशन, वंदे भारत ट्रेन , स्टार्टअप, मेक इन इंडिया, सदृढ़ सेना, समृद्ध किसान और नए भारत में युवाओं के साकार होते सपनों का देश बन चुका है । उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में आए दिन देश आंतकी, नक्सली घटनाओं से परेशान हो चुका था। पाकिस्तान हमारे जवानों के सर काट कर ले जा रहा था।

# ईवीएम एवं वीवीपैट कमीशनिंग के लिए दिया गया प्रशिक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 31 मार्च।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में प्रथम चरण में ईव्हीएम एवं वीवीपैट कमीशनिंग के लिए प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने कहा कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के अंतर्गत 26 अप्रैल को मतदान कार्य किया जाएगा। इसके लिए उपयोग में आने वाली ईव्हीएम एवं वीवीपैट मशीनों का कमीशनिंग के लिए प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इनमें बैलेट यूनिट, कन्ट्रोल यूनिट एवं वीवीपैट मशीन का कमीशनिंग किया गया। उन्होंने ईवीएम एवं वीवीपैट कमीशनिंग कार्य में नियुक्त अधिकारियों को पूरी ईमानदारी से कार्य करने कहा। उन्होंने सभी से अच्छी तरह प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए कहा। उन्होंने सभी प्रशिक्षणार्थियों से अगले प्रशिक्षण के लिए फीडबैक लिये। मास्टर ट्रेनर्स द्वारा ईव्हीएम एवं वीवीपैट मशीनों के तकनीकी पहलुओं से अवगत कराया गया। मास्टर ट्रेनर्स ने कहा कि ईव्हीएम एवं वीवीपैट कमिशनिंग कार्य बहुत जिम्मेदारी वाला कार्य है। उन्होंने कमीशनिंग कार्य में लगे अधिकारियों को उन्होंने आवश्यक सुझाव व मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य के अबाधित एवं सुचारू रूप से संपादन के लिए कमीशनिंग कार्य का पूर्ण गुणवत्तापूर्वक किया जाना आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों को कमीशनिंग के दौरान उचित ढंग से सिलिंग करने कहा। कमीशनिग का कार्य महत्वपूर्ण और संवेदनशील है। इसे गंभीरतापूर्वक करने की आवश्यकता है। टीम भावना के साथ समय का अनुपालन करते हुए कार्य सुनिश्चत करेंगे। प्रत्येक मशीन के लिए चेक लिस्ट उपलब्ध कराया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि ईव्हीएम एवं वीवीपैट कमीशनिंग में बताया गया कि मॉकपोल के पूर्व ईवीएम और वीवीपैट का संयोजन और मॉकपोल का संचालन, मॉकपोल के पूर्व बीयू, सीयू और वीवीपैट का संयोजन, मतदान प्रारंभ करने के पूर्व ईवीएम तथा वीवीपैट को क्लियर करने के संबंध में जानकारी दी गई। मॉकपोल के पूर्ण होने के उपरांत मतदान प्रारंभ करने के पूर्व कन्ट्रोल यूनिट एवं वीवीपैट को सावधानीपूर्वक सीलबंद करने के संबंध में जानकारी दी गई। इसके साथ ही ईव्हीएम एवं वीवीपैट मशीनों की तकनीकी जानकारी और मतदान प्रक्रियाओं के संबंध में विस्तार से बताया गया।

# मालवाहक से सामान चोरी कर फरार आरोपी गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**राजनांदगांव 31 मार्च।** प्रकरण सदर में प्रार्थी रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 13.03.2024 को रात्रि में मेरे माल वाहक वाहन 407 मेटाडोर गाडी छ्त्त 08/ रु छ्ु/1916 में सप्लाई का माल भरकर गाडी को ड्रायवर द्वारा मेरे घर चिखली शासकीय प्रेस के सामने खडी किया था, जिसे प्रातः दिनांक 14.03.2024 को देखा तो कोई अज्ञात चोर द्वारा मेरी गाडी से 02 पेटी आल आउट का रिफील कीमती 29200/- रूपये और मेथी दाना 30 किलो ग्राम जिसकी अनुमानित कीमत 2400/- रूपये कुल कीमती 31600/- को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है कि प्रार्थी के रिपोर्ट पर धारा सदर का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया, क्षेत्र में चोरी की घटना पर अंकुश लगाने के लिये श्रीमान् पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहूल देव शर्मा व नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन में राजनांदगांव पुलिस की टीम गठित कर सतत निगरानी रखी जा रही थी इस दौरान मुखबीर सूचना एवं तकनीकी सहयोग से संदेही (01) सूरज सलूजा पिता अमरजीत सलूजा उम्र 36 निवासी विधानसभा थाना विधानसभा जिला रायपुर छत्तीसगढ (02) विकास महानंद पिता डी0के0 महानंद उम्र 36 साल निवासी कटोरा तालाब सिंधी मोहल्ला वार्ड न0 42 थाना सिविल लाईन जिला रायपुर छ0ग0 को पकडकर

पुछताछ किया गया जिसने पहले घटना के संबंध में टालमटोल जवाब दिया फिर हिकमत अमली से तकनीकी साक्ष्य के आधार पर पुछताछ किये तब आरोपीगण सूरज सालूजा व विकास महानंद बताये कि घटना दिनांक 13.03.2024 को कार टाटा अल्ट्रोज क्रमांक सीजी-04 पीए-3799 से रायपुर से राजनांदगांव आकर घुम रहे थे, उसी दौरान एक माल वाहक सामान लोड किये हुए सडक किराने खडा था रात्रि अधिक होने से वहॉ पर कोई नही था तब अपनी कार को रोके और माल वाहक के तीरपाल की रस्सी निकाल कर उसमे से दो पेटी आल आउट रिफील व एक बोरी मेथी को निकाल कर अपनी कार में रखकर अपने साथ रायपुर ले जाना बताये एवं चोरी किये हुए दो पेटी आल आउट रिफील कीमती 29200/- को और घटना में प्रयुक्त टाटा अल्टरोज कार को पेश किये जिसेकुल मसरूका कीमती 629200/रुपए करीबन जप्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 379,34 भादवि के तहत कार्यवाही कर आरोपी को माननीय न्यायालय पेश किया गया। इसी प्रकार चिखली के निगरानी बदमाश 1.जानी वर्मा पिता प्यारे लाल सा शंकरपुर और 2.गुंडा बदमाश सोनू उर्फ राजा साहू पिता टिब्लू साहू सा चिखली को पकड़कर अस्थाई वारंट तामिल कर माननीय न्यायालय पेश किया गया।

## समाचार संक्षेप

### खुज्जी विधायक भोलाराम साहू होली मिलन समारोह में हुए शामिल



**छूरिया कुमरदा 31 मार्च।** ग्राम कुमरदा में परिक्षेत्रीय साहू समाज द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया,जिसमें खुज्जी विधायक भोलाराम साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। विधायक श्री साहू के पहुंचते ही साहू समाज के द्वारा विधायक भोलाराम साहू को तिलक लगाकर स्वागत सम्मान किया और एक दूसरे को गुलाल तिलक लगाकर होली पर्व की बहुत-बहुत हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया, विधायक भोलाराम साहू ने संबोधित करते हुए कहा कि साहू समाज निरंतर आगे बढ़ते रहे और सबके जीवन में सुख,समृद्धि एवं खुशहाली लाए यही भगवान से प्रार्थना करता हूं होली मिलन समारोह में परिक्षेत्रीय साहू समाज की पदाधिकारीगण एवं स्वजाति बंधु जन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### पुलिस चेकिंग अभियान के दौरान हर वाहन की जांच बारीकी से कर रही

**राजनांदगांव 31 मार्च।** बिना हेलमेट के दो पहिया वाहन चलाने एवं शराब पीकर वाहन चलाने वाले, बिना लाइसेंस/ मौके पर कागजात पेश न करना, बिना नंबर प्लेट, तीन सवारी तथा यातायात नियमों का पालन नहीं करने वालों के विरुद्ध की गई कार्रवाई। आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ऑप्स) श्री मुकेश ठाकुर के मार्गदर्शन में जिले के सभी थाना चौकी प्रभारियों एवं यातायात शाखा को अपने अपने थाना क्षेत्रों में एमसीपी लगाकर संदिग्ध लोगों पर नजर बनाये रखने तथा शराब, मादक पदार्थों व अन्य सामग्रियों पर रोकथाम करने तथा कानून- व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ बनाये रखने और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था। जिसके तहत थाना कोतवाली, बसंतपुर, चौकी चिखली, सुरगी एवं थाना यातायात पुलिस द्वारा दिनांक 29/03/2024 को आने जाने वाले संदिग्ध, वाहन, वस्तु व्यक्ति की जांच की गई। यातायात नियमों का उल्लघंटन करने वालो के कुल 130 प्रकरण में 48400/- रूपये समंस शुल्क कर उनके विरूद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही कर यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करने के संबंध में जागरूक भी किया गया।



### भाजपा का घर-घर झंडा बांधने का अभियान शुरू



**कुरुद 31 मार्च।** भाजपा के महासमुंद लोकसभा प्रत्याशी रूप कुमारी चौधरी को जिताने का संकल्प लेकर भाजपा प्रदेश व्यापी आह्वान पर कुरूद विधानसभा क्षेत्र के समस्त गाँवों में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा घर घर कमल का झंडा बांधा जा रहा है, विधानसभा सहसंयोजक कार्यक्रम प्रभारी कुरुद भानू चंद्राकर ने कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर ग्राम अंवरी ,भैंसबोड, एवं सरबदा में घर घर जाकर झंडा बांधने का कार्य कर रहे हैं।इस अवसर पर सभी कार्यकर्ताओं ने पुनःमोदी सरकार को लोकसभा चुनाव 2024 में जिताने के संकल्प लिया गया।

### भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए यह चुनाव सबसे बड़ी चुनौती है:अजय जामवाल

**राजनांदगांव, 31 मार्च ।** भारतीय जनता पार्टी राजनांदगाँव संसदीय क्षेत्र के आठों विधानसभा क्षेत्र की कोर कमेटी व लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक खैरागढ़ एवं राजनांदगांव में आहूत की गई, जिसमें क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल एवं भाजपा के संगठन महामंत्री पवन साय का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार महाजन वाडी, राजनांदगांव में आयोजित बैठक में क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का कार्य ईश्वरीय कार्य है, हम राजनीति में सत्ता सुख प्राप्त करने के लिए नहीं बल्कि भारत को परम वैभव के शिखर पर ले जाने हेतु स्थापित किया करते हैं, भारत में वर्षों से गरीबी एवं भ्रष्टाचार फैला हुआ था, जिसे मिटाकर भारत को पुनः विश्व गुरु बनाने के लिए आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को लेकर केंद्र में विगत 10 वर्षों से मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार कार्यरत है, जो देश के भ्रष्टाचार एवं गरीबी को मिटाने के लिए दृढ़ संकल्पित है। भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार श्री जामवाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि बूथ जीते तो चुनाव जीते, इसलिए हम सभी इस अनुकूल माहौल में कहीं चूक न जाए, इसका ध्यान रखना जरूरी है, मेरा बूथ सबसे मजबूत को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक कार्यकर्ता को चुनवीं समर में जुट जाना है।

## सिरामिक उत्सव नगाड़ा में कई राज्यों के कलाकार शामिल हुए

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कुरुद 31 मार्च।** नगर में अलग-अलग राज्य से पधारे हुए ख्यातिप्राप्त कलाकारों के करकमलो से सिरामिक उत्सव नगाड़ा 2024 - तीन दिवसीय राष्ट्रीय सिरामिक कार्यशाला का उद्घाटन हुआ जो हीरा सिरामिक फाउंडेशन, कुरुद द्वारा आयोजित किया गया है। अगले दि. 01 अप्रैल 2024 तक चलने वाले इस कला महायज्ञ में महाराष्ट्र, गुजरात, उत्तर प्रदेश और छत्तीसगढ़ के 21 कलाकार भागीदारी की है। कार्यशाला के संयोजक और हीरा सिरामिक फाउंडेशन के अध्यक्ष अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त, कुरुद का अपना कलाकार श्री चिरायु सिन्हा ने अतिथियों का स्वागत किया और सिरामिक कार्यशाला के आयोजन के बारे में अवगत कराया। सांस्कृतिक आदान-प्रदान हेतु दुसरे राज्य से आये कलाकारों को छत्तीसगढ़ की पारंपरिक और सांस्कृतिक गतिविधियों की जानकारी प्राप्त हो और हमारी इन लोक परंपरा को भी जाने इस हेतु से रंग पंचमी के त्योहार मे हर साल यह कार्यशाला का आयोजन किया जाता है। श्री चिरायु सिन्हा ने बताया कि अगले वर्ष से यह कार्यशाला अंतरराष्ट्रीय स्तर पर होने जा रहा है जिसमें विदेशी कलाकारों सामिल होने के लिए तत्पर है। आजके कार्यशाला के उद्घाटन समारोह में पधारे हुए अतिथियों मे श्री योगेन्द्र त्रिपाठी, सुश्री सुनिता वर्मा, श्री कृष्ण पडिया, श्री मुकुन्द जेठवा, सुश्री लकी टांक और श्री शैलेष पंडित ने उपस्थित रहकर युवा कलाकारों को इस कला महायज्ञ मे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का अनुग्रह करते हुए अपने-अपने अनुभव साझा किया थे। समग्र कार्यक्रम का संचालन प्रभारी सहायक क्रीड़ाअधिकारी श्री हरीश देवांगन ने कीया था। दि. 01 अप्रैल 2024 तक चलने वाले इस कला महायज्ञ में आये हुए सारे कलाकार अपनी-अपनी कला से कुरुद नगर को कलारंग मे भरने तत्पर हे तब छत्तीसगढ़ के कलाप्रेमी जनता से आग्रह है कि आप इस कला उत्सव नगाड़ा की मुलाकात ले और कलाकारों की कला को प्रोत्साहित करने की कृपा करें कहां कार्यक्रम का आभार सुरेश अग्रवाल ने किया।

## हम सभी का एक प्रत्याशी कमल का फूल और नरेंद्र मोदी: बृजमोहन

**रायपुर 31 मार्च।** लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी कैबिनेट मंत्री बृजमोहन अग्रवाल लगातार चुनावी तैयारियों को लेकर सक्रिय नजर आ रहे हैं वे लगातार जन संपर्क और दौरों के माध्यम से कार्यकर्ताओं और जनता के बीच पहुंच रहे हैं बृजमोहन अग्रवाल सदैव अपने चुनाव को लेकर काफी गंभीर रहते हैं वे एक एक पहलू पर पैनी नजर बनाएं रखते हैं लगातार कार्यकर्ताओं और जनता के बीच बने रहते हैं और उसकी समस्याओं के निदान का भरसक प्रयास करते हैं भारतीय जनता पार्टी ने पहली बार उन्हें दिल्ली ले जाने की तैयारी से लोकसभा प्रत्याशी बनाया है ।

कैबिनेट मंत्री बृजमोहन लगातार रायपुर लोकसभा के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के दौरे कर रहे हैं जन संवाद स्थापित कर रहे हैं मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु जागरूकता प्रसारित कर रहे हैं और भाजपा कार्यकर्ताओं को चुनावी मैदान में उतरने विपक्षियों के सामने मैदान मार लेने का कौशल अपने सभी कार्यकर्ताओ को सिखा रहे हैं इसी तारतम्य में उन्होंने आज अपने दौरा कार्यक्रम की शुरुवात बृजमोहन आज रायपुर दक्षिण विधानसभा के चारों मंडल में पहुंचे जहां वे क्षेत्र के कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों से बृजमोहन रूबरू हुए , सर्वप्रथम बृजमोहन रायपुर दक्षिण के सिविल लाइन मंडल के कार्यकर्ताओं के बीच सिंधी धर्मशाला पहुंचे उन्होंने स्थानीय कार्यकर्ताओं से भेंट कर वहां से सदर बाजार मंडल के लिए रवाना हो गए उसके पश्चात उन्होंने पुरानी बस्ती मंडल के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से रायपुर दक्षिण विधायक कार्यालय तत्पर पहुंचकर भेंट एवं संवाद किया उसके पश्चात वे अपने तय दौरा कार्यक्रम के तहत लाखेनगर मंडल पहुंचकर आज के दौरा कार्यक्रम का समापन किया ।

# भोलाराम ने बांधाबाजार बैठक में शामिल होकर कार्यकर्ताओं को किया चार्ज

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छूरिया बांधाबाजार 31 मार्च।** पूरे देश प्रदेश में लोकसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों की तैयारी युद्ध स्तर पर चल रही है, लोकसभा क्षेत्र के अलावा केंद्रीय स्तर पर भी रोज लंबी-लंबी बैठके हो रही है। शनिवार को बांधा बाजार में सेक्टर बैठक संपन्न हुई बैठक में वर्तमान खुज्जी विधायक भोलाराम साहू, रितेश मेश्राम उपाध्यक्ष,वरिष्ठ नेता राम किशन खंडेलवाल सहित अन्य वरिष्ठ शामिल हुए। बांधाबाजार में आयोजित बैठक में विधायक भोलाराम साहू ने कहा कि विधानसभा चुनाव में जिस तरह से आप सभी ने मुझे वोट देकर जीत हासिल कराई है, ठीक उसी प्रकार लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पक्ष में चुनाव प्रचार एवं वोट डालकर हमें जीत हासिल करना है। लोकसभा चुनाव में जीत हासिल करने के लिए भोलाराम साहू ने जोन एवं सेक्टर प्रमुखों को कड़ी मेहनत करने के लिए अपील किया,युवा कार्यकर्ताओं को भी सोशल मीडिया में अभी से सक्रिय हो जाने के लिए मार्गदर्शन किया। बैठक में प्रमुख रूप से बेनी राम साहू,राम साहू, शेशवरी धुर्वे, मनोहर लाउतरे, परस सोनवानी, रामदास साहू,घनश्याम,आशा देवी गायकवाड कुंजाम,बिसाहू निर्मलकर, नारद सहित अन्य मौजूद रहे।

### जिला मुख्यालय में शहर व ग्रामीण कांग्रेस के नेतृत्व में मशाल जुलूस निकालकर किया विरोध प्रदर्शन

# सत्ता बचाने भाजपा कर रही केन्द्रीय एजेंसियों का दुरुपयोगे:कुलबीर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 31 मार्च।** केन्द्र की भाजपा सरकार अपनी नाकामी छूपाने एवं विपक्ष की आवाज को लगातार दबाने का प्रयास कर रही है। 28 मार्च को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी को आईटी विभाग से 1823.08 करोड़ रूपये का भुगतान करने के लिए ताजा नोटिस मिला। इससे पूर्व फरवरी माह में राष्ट्रीय आम चुनाव की पूर्व संध्या पर प्रमुख विपक्षी दल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के बैंक खातों को फ्रीज करने का अवैध प्रयास एक महीने से अधिक समय तक चला। आईटी विभाग द्वारा काग्रेस पार्टी के बैंक खाते से जबरन 135 करोड़ रूपये निकाल लिए हैं। जिसको लेकर शहर जिला कांग्रेस एवं ग्रामीण कांग्रेस कमेटी द्वारा 30 मार्च को शाम 6 बजे जयस्तंभ चौक से मानव मंदिर चौक तक मशाल जुलूस निकालकर केन्द्र की भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। शहर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस के आव्हान पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा व ग्रामीण जिला कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू के नेतृत्व में केन्द्र की भाजपा सरकार की कुत्सित प्रयास करते हुए विपक्षी नेताओं के उपर ईडी, आईटी और सीबीआई जैसे जांच एजेसियों के माध्यम से डराया और धमकाया जा रहा है। आयकर विभाग के माध्यम से चुनाव में कांग्रेस का बैंक खाता जब्त करना अवैध और अलोकतांत्रिक तरीके से दबाव बना रही है। विगत माह फरवरी में कांग्रेस के बैंक खातों को फ्रीज करने, इसके बाद 28 मार्च को फिर कांग्रेस कमेटी को आईटी विभाग से 1823.08 करोड़ रूपये का भुगतान करने के लिए नोटिस दिया गया है। जिसको लेकर कांग्रेस द्वारा शनिवार को शाम 6 बजे जयस्तंभ चौक से मानव मंदिर चौक तक विशाल मसाल जुलूस निकालकर केन्द्र सरकार पर जमकर भड़ास निकाले। पूर्व मंत्री धनेश पाटिला ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि ईडी जिस मापदंडों के आधार पर कांग्रेस को जुर्माने का नोटिस दिया गया है उन्हीं के आधार पर भाजपा से भी 4600 करोड़ रूपये की वसूली करनी चाहिए किन्तु नहीं करेगी। केन्द्र की भाजपा सरकार लोकतंत्र विरोधी षड्यंत्र करके विपक्षी दलों के सीमित संसाधनों को छीनने का प्रयास किया जा रहा है। कांग्रेस पिछले 70 सालों से निष्पक्ष चुनाव और स्वस्थ लोकतंत्र की छवि बनाई लेकिन वर्तमान की भाजपा सरकार विपक्षी दलों के साधन को छीनकर एकाधिकार स्थापित करना चाहती है। 30 साल पुराने आधारहीन मामले को पार्टी के बैंक खातों को जब्त करना अलोकतांत्रिक है ये सीधे-सीधे देश के लोकतंत्र की हत्या के समान है।

सोनी सब का 'पुष्पा इम्पॉसिबल' एक दृढ़संकल्पित महिला पुष्पा (करुणा पांडे) की दिल छू लेने वाली कहानी बताता है, जो बिना उम्मीद खोए जीवन की चुनौतियों का सामना करती है। हाल के घटनाक्रमों में, जुगल (अंशुल त्रिवेदी) पर दिलीप पटेल (जयेश मोरे) की हत्या का आरोप लगाया गया और उसे जेल भेज दिया गया। जुगल को बचाने के लिए, पुष्पा अपनी वकील और मार्गदर्शक देवी (उर्वशी ढोलकिया) की मदद लेती है।



# ड्रामा का डबल डोज

दर्शकों से बहुत प्यार पाने वाले एण्डटीवी के शोज 'अटल', 'हप्पू की उलटन पलटन' और 'भाबीजी घर पर हैं' की आगामी कहानी में दर्शकों को ड्रामा की डबल डोज़ मिलेगी। एण्डटीवी के 'अटल' की कहानी के बारे में कृष्णा देवी ने बताया, ''आलोक यह कसम खाकर वाजपेयी हाउस में शिफ्ट हो जाता है कि जब तक उसके पैरेंट्स उसकी पत्नी विमला (प्रचिती अहिराव) को स्वीकार नहीं करेंगे, वह घर नहीं लौटेगा। इस पर गुस्से में उसके पैरेंट्स विमला का चरित्र हनन करने के लिये सबूत जुटाते हैं और सरपंच के साथ मोहल्ले में आते हैं। उनका एजेंडा है इस शादीशुदा जोड़े को अलग करना, अपने बेटे को वापस घर लाना और उसकी शादी किसी दूसरी औरत से करा देना। आलोक के पैरेंट्स पूरे मोहल्ले को बुलाते हैं और हर किसी के सामने विमला पर गलतियों के आरोप लगाते हैं। विमला को बड़ा अपमान महसूस होता है और वह खुद को निर्दोष



साबित करने की कोशिश करती है। हालांकि आलोक ने हमेशा अपनी पत्नी पर भरोसा किया है और वह सारे आरोपों के बावजूद उसका समर्थन करता है। लेकिन आखिरकार वह दूसरे आदमी के दावों से हार मान जाता है। सरपंच और समिति के सदस्य आलोक के पैरेंट्स के पक्ष में फैसला करते हैं। पूरी घटना देख रहा अटल (व्योम ठक्कर) इस शादी को बचाने के लिये एक बड़ा कदम उठाता है। क्या वह विमला को निर्दोष साबित कर उसकी शादी को बचा सकेगा?''

एण्डटीवी के 'हप्पू की उलटन पलटन' की आगामी कहानी के बारे में राजेश ने बताया, ''कटोरी अम्मा (हिमानी शिवपुरी) और राजेश (गीतांजलि मिश्रा) के बीच बढ़ते तनाव से चमची (ज़ारा वारसी) और रणबीर (सौम्या आजाद) असहज हैं। वह हप्पू (योगेश त्रिपाठी) को इस बारे में बताते हैं और हप्पू दखल देने का फैसला करता है। अगले दिन पुलिस स्टेशन में एक किरायेदार अपने मकान मालिक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने आता है। पिछले रात उसके मकान मालिक ने दरवाजा खोलने से इनकार कर दिया था और उसे बाहर ही रात गुजारनी पड़ी थी। हप्पू उस मकान मालिक को बुलाता है, वह अपनी बेटी के साथ आता है और कॉन्स्टेबल्स के साथ रील्स बनाने लगता है। वह कहता है कि उसके घर पर एक जवान बेटी है और इसलिये एक जवान आदमी को देर रात घर में नहीं आने दिया जा सकता। वह आगे कहता है कि अगर किरायेदार उसके यहाँ रहना चाहता है, तो उसे जल्दी घर लौटना पड़ेगा। लेकिन किरायेदार अपनी नौकरी के कारण उसकी बात नहीं मानता है। समस्या को हल करने के लिये हप्पू किरायेदार को सलाह देता है कि वह देरी होने पर पाइप के जरिये घर में जाये और उसे फौरन घर भेज देता है। हालांकि अगले दिन किरायेदार यह शिकायत लेकर आता है कि मकान मालिक ने उसे पीट दिया। मकान मालिक इसे उचित ठहराते हुए कहता है कि उसे चोर के आने का शक हुआ था। हप्पू को घर पर भी चुनौती मिल रही है, क्योंकि कटोरी अम्मा और राजेश के बीच तनाव जारी है। इस समस्या को हल करने के लिये वह उन्हें एक-दूसरे से ऐसा व्यवहार करने के लिये कहता है कि दोनों एक-दूसरे से परिचित ही न हों। उसे उम्मीद रहती है कि ऐसा करने से उनके दिल का बोझ कम हो जाएगा। हालांकि वे दोनों ऐसा करने की आदत डाल लेती हैं और हप्पू परेशान हो जाता है। इधर मकान मालिक किरायेदार पर चोरी का आरोप लगाता है और हप्पू भड़क जाता है। अब हप्पू इन दोनों मामलों को कैसे सुलझाएगा?''



एण्डटीवी के 'भाबीजी घर पर हैं' की आगामी कहानी के बारे में विभूति नारायण मिश्रा ने बताया, ''इस हफ्ते की कहानी बहुत अलग और रोमांचक है, जिसमें एआई वॉइस जनरेटर और आइडेंटिटी थेफ्ट का मौजूदा मुद्दा दिखाया जाएगा। तिवारी (रोहिताश्व गौड़) को डॉक्टर सलाह देता है कि वह शांत रहे, क्योंकि उसके ब्लड प्रेशर में उतार-चढ़ाव से परेशानियाँ हो सकती हैं। इस बीच सक्सेना (सानंद वर्मा) को अकेलेपन का एहसास होता है, क्योंकि उसे लगता है कि कॉलोनी में उसका कोई दोस्त नहीं है। एक टी स्टॉल में बैठे-बैठे सक्सेना दोस्ती करने की इच्छा विभूति (आसिफ शेख) को बताता है। हालांकि विभूति कहता है कि उसकी पत्नी अनीता (विदिशा श्रीवास्तव) उसे दोस्त से बढ़कर परिवार का एक सदस्य मानती है और सक्सेना चुप हो जाता है। टी स्टॉल पर दूसरे लोग भी दोस्ती के लिये सक्सेना की कोशिश को नकार देते हैं और उसका अकेलापन बढ़ जाता है। अनीता के डिनर में जाने पर सक्सेना को लगता है कि तिवारी और विभूति, टीका (वैभव माथुर) और टिल्लू (सलीम ज़ैदी) और डेविड चाचा (अनूप उपाध्याय) और प्रेम (विश्वजीत सोनी) के बीच गहरी दोस्ती है। सक्सेना दुखी होकर घर लौटता है और अखबार में पढ़ता है कि किसी ने एक लड़की को प्रपोज करने के लिये एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) से अपनी आवाज बदली। इससे प्रेरित होकर सक्सेना भी कॉलोनी के लोगों की दोस्ती तोड़ने के लिये एआई का इस्तेमाल करने की सोचता है। वह कॉल करने लगता है और अजीब बातें करता है, ताकि दोस्तों के बीच भरोसा न रहे। क्या सक्सेना को दोस्तियाँ तोड़ने में कामयाबी मिलेगी, या उसकी धोखेबाजी का खुलासा हो जाएगा?''

# हिमानी शिवपुरी 'हप्पू की उलटन पलटन' के सेट पर करती हैं स्ट्रे डॉग्स की पूरी देखभाल

हिमानी शिवपुरी भारतीय एन्टरटेनमेंट इंडस्ट्री की एक सबसे ज्यादा प्रतिष्ठित और मशहूर अभिनेत्री हैं। वह फिलहाल एण्डटीवी के शो 'हप्पू की उलटन पलटन' में कटोरी अम्मा का किरदार निभाती नजर आ रही हैं। हालांकि, कई लोगों को पता नहीं है कि उन्हें पशु-पक्षियों से बहुत ज्यादा प्यार है। 'हप्पू की उलटन पलटन' के सेट पर मौजूद अपने इन फरी पेट्स (पपीज़) को खाना खिलाने के लिये वह किसी भी हद तक जाती हैं। वह अपने इन्हीं दोस्तों के साथ जिन्दगी गुजारती हैं, उन्हें प्यार देती हैं और उनके लिये पूरी संवेदना रखती हैं। उनका रुख जानवरों के लिये हमेशा से सकारात्मक रहा है।



स्ट्रे डॉग्स को गोद लेने के बारे में बताते हुए, हिमानी शिवपुरी, ऊर्फ कटोरी अम्मा ने कहा, ''मैं बचपन से ही जानवरों से बड़ा प्यार करती हूँ। पंछी, खरगोश, बिल्ली और कुत्ते, मैं इन सभी के लिये माँ जैसी रही हूँ। घर पर ऐसे पालतू दोस्तों की आवाज सुनकर और उसे दुलारने से ही हमारे चेहरे पर मुस्कुराहट आ जाती है। लेकिन स्ट्रे डॉग्स भी प्योरब्रीड डॉग्स जितने ही प्यार करने वाले और वफादार होते हैं और उन्हें वैसा ही प्यार मिलना चाहिये। हर कोई अच्छी नस्ल के पेट्स चाहता है, लेकिन इन स्ट्रे डॉग्स को घर देना भी जरूरी है, क्योंकि उन्हें खाना, सुरक्षा और आश्रय चाहिये। मेरा बेटा भी मेरे जैसा है। मेरा बेटा कात्यायन भी कुत्तों से बहुत प्यार करता है। जब वह छोटा था, तब हमारे पास एक कुत्ता था, जिसका नाम राजा था। वह एशियन ब्रीड का था और दुर्भाग्य से कुछ ऐसी स्थिति बनी कि वह मर गया और हम उसे बचा नहीं सके। मुझे अपने बेटे से राजा के मरने की खबर छुपानी पड़ी और मैंने कहा कि वह भाग गया, क्योंकि राजा ही उसका सबसे अच्छा दोस्त था। उसे राजा से गहरा लगाव था। मैं जहाँ भी जाती हूँ, कुत्तों को अपना दोस्त बना लेती हूँ। इसी तरह, 'हप्पू की उलटन पलटन' के सेट पर मैंने सारे स्ट्रे डॉग्स को गोद ले लिया और एक माँ की तरह उनकी देखभाल की। छह साल हो चुके हैं और वह कुत्ते मुझसे बहुत लगाव रखते हैं। मैं उन्हें खाना, पानी, घर और बुनियादी इलाज देती हूँ। मैंने उनका नाम भी रखा है- 'जेनी', 'टाइगर' और 'स्कॉटी'। जब भी मैं सेट पर नहीं होती हूँ या किसी दिन छुट्टी होती है, तब टीम से उन्हें खाना देने के लिये कहती हूँ और उनकी जानकारी लेती हूँ। अपनी बिल्डिंग में भी मैं नियमित रूप से दो कुत्तों को खाना देती हूँ।

# सोनी सब के वंशज में अभिनेता गुरप्रीत सिंह ने एक अमीर, विवेकी उद्यमी के रूप में डेब्यू किया

सोनी सब का 'वंशज' विरासत की चुनौतियों को दर्शाने वाला शो है, जो इस बात पर प्रकाश डालता है कि कैसे ऐतिहासिक रूप से पुरुषों को उत्तराधिकार के रूप में ज्यादा महत्व दिया जाता है। हाल के एपिसोड्स में, संपत्ति के हिस्से को लेकर युक्ति (अंजलि तत्रारी) और डीजे के बीच तनाव बढ़ जाता है और दोनों एक-दूसरे को मात देने के लिए चतुराई से चालें चलते हैं। जबकि उनके बीच की गलाकाट लड़ाई तेज़ होती जाती है, शो में कई नए चेहरे आते हैं, जो आगामी कहानी को कई ट्विस्ट के साथ आगे बढ़ाते हैं। मशहूर अभिनेता गुरप्रीत सिंह एक बुद्धिमान उद्यमी मिस्टर रफीक बेग की भूमिका में दिखेंगे, जो वंशज की दुनिया में एक नए डायनेमिक्स लाने का वादा करते हैं। एक प्रतिष्ठित सज्जन, मिस्टर बेग अपनी चुनिंदा पसंद और विवेक के लिए प्रसिद्ध हैं, जिनके साथ शिष्टता और अधिकार की भावना भी आती है। मिस्टर बेग शायरी और गज़ल के प्रेमी हैं, जो उनके सुसंस्कृत आचरण में गहराई जोड़ती हैं। उनका सदाचारी रवैया उनके दौलत और प्रभाव में दिखाई देता है। चूंकि वे मुल्तानी और महाजन विलय का करीबी हिस्सा होंगे, उनके आने से कई नए रिश्ते और प्रतिद्वंद्विताएं भी जन्म लेंगी।



मिस्टर रफीक बेग का किरदार निभा रहे, गुरप्रीत सिंह ने कहा, मैं वंशज में मिस्टर रफीक की भूमिका निभाने के लिए उत्साहित हूं। ऐसे खास किरदार को जीवंत करना सौभाग्य की बात है। उसकी चुनिंदा दिलचस्पी के साथ ही उर्दू शायरी को लेकर उसकी पसंद उसके व्यक्तित्व में गहराई को बढ़ाती है। उसमें अधिकार की भावना है, और अपनी सटीक स्टाइल के साथ, यह निभाने लायक बेहतर आकर्षक किरदार है।

# आसिफ शेख और विदिशा ने वाराणसी जाकर दिल छू लेने वाली यादें ताजा कीं

एण्डटीवी की कल्ट कॉमेडी 'भाबीजी घर पर हैं' की हमारी चहेती ऑन-स्क्रीन जोड़ी विभूति नारायण मिश्रा (आसिफ शेख) और अनीता भाबी (विदिशा श्रीवास्तव) ने हाल ही में वाराणसी का दौरा किया। वाराणसी भारत का प्राचीन शहर है और इस दौरे ने दोनों कलाकारों की यादें ताजा कर दीं। विदिशा के लिये वाराणसी का भावनात्मक महत्व है, क्योंकि उनका बचपन और टीनेज का समय यहीं बीता था। इधर आसिफ की जड़ें भी वाराणसी शहर में हैं और वह बचपन में यहाँ अपने पुरखों के घर बार-बार आते रहे हैं। यह दौरा संयोग से महाशिवरात्रि के शुभ पर्व में हुआ और दोनों कलाकार श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में आशीर्वाद लेने के लिये पहुँचे। हालांकि दोनों ने आध्यात्म से सराबोर होने के अलावा वाराणसी के माहौल का जायजा भी किया। उन्होंने पवित्र घाटों का दौरा किया, शांति देने वाली बोट राइड का मजा लिया और स्वादिष्ट स्थानीय पकवानों का लुत्फ उठाया। वे अपने शो के नौ सफल वर्षों की खुशी मना रहे थे, इसलिये यह दौरा आध्यात्मिक श्रद्धा और संजोयी गई यादों का एक खुशनुमा संगम बन गया। इसमें वाराणसी की सदाबहार खूबसूरती शामिल थी।



अपनी यादों के बारे में आसिफ शेख, ऊर्फ विभूति नारायण मिश्रा ने कहा, ''लगभग एक दशक के बाद अपने होमटाउन लौटना शुरूआत से ही मेरे लिये एक रोमांचक अनुभव था। मैं भगवान शिव का आशीर्वाद लेने श्री काशी विश्वनाथ मंदिर गया और वह अनुभव बेहतरीन था। जब मैं बनारस की प्राचीन गलियों में घूमा, तब भावनाओं और पुरानी यादों का खजाना मुझे मिला। बीते वक्त में हुए बदलाव साफ दिख रहे थे, लेकिन शहर में कदम रखते ही मेरी जीवन यात्रा के क्षण लौट आये। माहौल में वही सदाबहार खूबसूरती बनी हुई थी, जिस पर वक्त बीतने का असर नहीं हुआ था। शाम के वक्त गंगा नदी पर शानदार बोट राइड सचमुच दिल को छू लेने वाली थी। डूबता हुआ सूरज उस प्राचीन शहर के निर्माणों पर जादुई रोशनी बिखेर रहा था। मैंने पहली बार शाम की मंत्रमुग्ध करने वाली गंगा आरती देखी। और मुझे ऐसा आध्यात्मिक अनुभव हुआ, जो हमेशा मेरी यादों में बसा रहेगा।

# अभिनेत्री डॉली मिन्हास ने अदिति राठौर और आयुषी खुराना के साथ एक्टिंग करने के अनुभव साझा किए

सोनी सब का 'आंगन अपनों का', एक समर्पित सिंगल पिता जयदेव शर्मा (महेश ठाकुर) और उनकी तीन बेटियों- दीपिका (नीता शेट्टी), तन्वी (अदिति राठौर), और सबसे छोटी बेटी, पल्लवी (आयुषी खुराना) के प्रति उनके गहरे प्यार की दिल छू लेने वाली कहानी को दर्शाता है। इस दिल छू लेने वाले शो में महेश ठाकुर, कशिश दुग्गल (पल्लवी की सास) और डॉली मिन्हास (तन्वी की सास) जैसे अनुभवी कलाकार भी शामिल हैं।



व्यस्त शूटिंग के बीच, पल्लवी (आयुषी खुराना) और तन्वी (अदिति राठौर) इन अनुभवी कलाकारों के साथ बैठने और उनकी कहानियों और पिछले शोज़ की शूटिंग के अनुभवों को सुनने के लिए कुछ समय निकालती हैं। इस जोड़ी का अदिति की ऑनस्क्रीन सास रेखा (डॉली मिन्हास) के साथ एक अलग रिश्ता बन गया है, जो सालों के अपने शूटिंग अनुभवों की मज़ेदार और दिलचस्प कहानियां साझा करने के लिए जानी जाती हैं। जब सेट पर मौजूद लोग उनकी कहानियां सुनते हैं, तो सेट उत्साह से भर जाता है, जिससे हर दिन सीखने और जानने का नया अवसर बन जाता है।

तन्वी की भूमिका निभाने वाली अदिति राठौर कहती हैं, ÷डॉली जी अपनी कहानियों से सेट पर सबका मनमोह लेती हैं! मैं उनकी बहुत बड़ी प्रशंसक हूं और हमेशा सुनने के लिए उत्सुक रहती हूं। एक बार उन्होंने अपने पुराने दिनों की एक रोमांचक घटना के बारे में बताया। वे एक नाइट शूट के लिए शूटिंग कर रही थी, और अचानक, एक तेंदुआ दिखाई दिया! डॉली जी सहित पूरी टीम डर गई थी, लेकिन उन्होंने शूटिंग बंद नहीं की। वे अपनी शूटिंग के कई और किस्से साझा करती हैं, और उन सभी को सुनकर काफी मज़ा आता है। उनकी कहानियां कैमरे से परे जादू बुनती हैं। उनके सफर की कहानियां सुनने में भी उतनी ही दिलचस्प हैं। वे सेट पर एक मज़ेदार और हल्का माहौल बनाती हैं, जिससे हम सभी उनकी कहानियों से बंधे रहते हैं।÷

रेखा की भूमिका निभाने वाली डॉली मिन्हास कहती हैं, ÷मुझे आंगन अपनों के सेट का माहौल बेहद पसंद है। यह सिर्फ काम के बारे में नहीं है; शूटिंग से परे भी, हम सेट पर भरपूर आनंद लेते हैं।

# इस सप्ताह तैयार रहें रोमांचक कहानियों के लिए

एण्डटीवी के 'अटल', 'हप्पू की उलटन पलटन' और 'भाबीजी घर पर हैं' में इस सप्ताह रोमांचक कहानियां देखने के लिये तैयार हो जाईये। 'अटल' की आगे की कहानी के बारे में बताते हुये कृष्णा देवी ने कहा, ''केशव अटल (व्योम ठक्कर) के परिवार वालों को बताता है कि अटल ने मंदिर में चाबियां देने के लिये मना कर दिया है। परिवार के लोग वहां पहुंचते हैं और वोटिंग होती है,जिसमें अटल और तोमर (महमूद हाशमी) के बीच टाई हो जाता है। अनापेक्षित रूप से, साइकिल रिपेयर करने वाले शख्स, जिसने शुरूआत में अटल को रामकथा कहने के लिये आमंत्रित किया था, तोमर को सपोर्ट करता है, जिससे वह जीत जाता है। अटल को अपनी हार का बहुत बुरा लगता है, लेकिन विमला उसे प्रोत्साहित करती है। रात में सरस्वती (आर्या जोशी) के प्रति परिवार वालों की चुप्पी से दुःखी अटल सोने की कोशिश करता है, लेकिन उसे नींद नहीं आती। अटल विमला (प्रचीति अहिराव) को डॉक्टर के पास ले जाता है, जो विमला को बिल्कुल ठीक बताता है और वह इस खबर के साथ वापस लौटता है। इस खबर से प्रसन्न अटल नये घर में शिफ्ट होने के बाद



विमला से पूछता है कि वह क्या खाना चाहेगी- पकौड़ा या हलवा। घर में सीमित किराना सामानों से अनजान सरस्वती कोशिश करती है कि उसका यह प्लान रद्द हो जाये, लेकिन विमला पकौड़े खाने की इच्छा जताती है।''

'हप्पू की उलटन पलटन' की आगामी कहानी के बारे में राजेश ने कहा, ''राजेश (गीतांजलि मिश्रा) हप्पू (योगेश त्रिपाठी) से पैसे मांगती है, लेकिन वह मना कर देता है, जिससे उसे दुःख होता है। हप्पू का यह तिरस्कारपूर्ण व्यवहार उसके बच्चों तक भी पहुंचता है, जिसकी कटोरी अम्मा (हिमानी शिवपुरी) आलोचना करती है। इसके बाद एक दिन हप्पू की इच्छा कुल्फी खाने की होती है, लेकिन उसके पास पैसे नहीं होते, इसलिये वह कुल्फीवाले से उधार मांगता है। जब कुल्फीवाला उधार देने से इनकार कर देता है, तो वह उससे डील करता है कि उस उधार के बदले वह हर दिन पुलिस स्टेशन में कुल्फी सप्लाई कर सकता है। कुल्फीवाला बेमन से उसकी बात मान लेता है, क्योंकि उसके पास कोई और चारा नहीं है। पुलिस स्टेशन में, मलाईका (सोनल पंवार) हप्पू को चेतावनी देती है कि यदि वह कमिश्नर (किशोर भानुशाली) और मनोहर (नीतिन जाधव) के सामने केस सुलझाने में नाकाम होता है, तो वह उसे डिमोट कर देगी। यह सुनकर कुल्फी वाला जवाबी कार्रवाई करने का फैसला करता है। अगले दिन वह आंखों में जलन होने का बहाना बनाता है और हप्पू से कहता है कि वह उसकी आंख की जांच करे। इस घटना के बाद हप्पू अपने परिवार के किसी भी सदस्य के मांगने पर उसे पैसे देने लगता है। जब रणबीर (सौम्य आजाद) हप्पू से पैसे देने की गुजारिश करता है, तो वह बहुत सावधानी से लॉकर से पैसे निकालकर उसे देता है। बाद में हप्पू को पता चलता है कि लॉकर से कुछ पैसे गायब हैं और रणबीर पर आरोप लगाता है। रणबीर की तलाशी ली जाती है और इससे वह अपमानित महसूस करता है। राजेश और कटोरी अम्मा सहित परिवार के सभी लोगों की तलाशी ली जाती है, जिससे सब दुःखी हो जाते हैं। एक रात मलाईका हप्पू को चोरी-छिपे उसी लॉकर से पैसे निकालते हुये देखती है और हैरान रह जाती है।''

'भाबीजी घर पर हैं' की आगे आने वाली कहानी के बारे में बताते हुये, विभूति नारायण मिश्रा कहते हैं, ''टीका (वैभव माथुर) और टिल्लू (सलीम जैदी) एक भंडारे से कुछ कचौड़ियाँ लेकर वापस लौटते हैं। तिवारी (रोहिताश्व गौड़) उन्हें देखता है और कचौड़ियों के प्रति अपना प्यार जताते हुये उनसे कचौड़ी ले लेता है। इस बीच अम्माजी (सोमा राठौड़) अंगूरी को माँ बनने का एक टोटका बताती हैं और कहती है कि वह तिवारी का वजन बढ़ाये। अंगूरी तिवारी को ज्यादा खाना खिलाने के लिये पूरी एवं कचौड़ी जैसा ऑइली भोजन बनाने की तैयारी में जुट जाती है। वहीं दूसरी ओर, प्रेम (विश्वनाथ सोनी) अपने एक एस्ट्रोलॉजर दोस्त के बारे में बताता है और कहता है कि उसका दोस्त यह बता सकता है कि किसी की मौत कितने बजे होगी, लेकिन किस उम्र में होगी, यह नहीं बता सकता। विभूति (आसिफ शेख) और अनीता (विदिशा श्रीवास्तव) उस एस्ट्रोलॉजर से मिलते हैं, जो बताता है कि विभूति की मौत तिवारी के निधन के ठीक पांच मिनट बाद होगी, जिसे सुनकर वे चिंतित हो जाते हैं। खबर आती है कि तिवारी की तबियत ठीक नहीं है और वे उससे मिलने जाते हैं। उन्हें पता चलता है कि तिवारी का कोलेस्ट्रॉल लेवल बढ़ा हुआ है और तला-भुना खाने से परहेज करने की सलाह दी जाती है। इसके बावजूद, अंगूरी माँ बनने की अपनी लालसा को पूरा करने के लिये उसे ऑइली फूड खिलाना जारी रखती है।

# माहिर पांधी हुए घायल

सोनी सब का 'वंशज' उत्तराधिकारियों के बीच विरासत की लड़ाई पर फोकस करते हुए, एक प्रमुख व्यावसायिक परिवार - महाजन परिवार के भीतर मौजूद तीव्र संघर्षों के इर्द-गिर्द घूमता है। बेहद अमीर परिवार के जीवन को दर्शाने के साथ आने वाली चकाचौंध और ग्लैमर से आगे बढ़ते हुए, कलाकारों द्वारा कड़ी मेहनत की जाती है। वे अपनी भूमिकाओं में प्रामाणिकता लाने के लिए शारीरिक और भावनात्मक दोनों तरह से व्यापक प्रशिक्षण से गुज़रते हैं, और अक्सर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए उम्मीद से ज्यादा मेहनत करते हैं। हाल ही में, दिग्विजय उर्फ डीजे की भूमिका निभाने वाले, माहिर पांधी को शो के एक महत्वपूर्ण सीन की शूटिंग के दौरान इसी तरह की स्थिति का सामना करना पड़ा। एक शॉट के दौरान, उन्हें एक एम्बुलेंस का पीछा करते हुए तेज़ी से दौड़ना था और गलती से उनकी हैमस्ट्रिंग खिंच गई, जिससे वे ज़मीन पर गिर गए और उन्हें काफी दर्द हुआ। वे जिस सीन की शूटिंग कर रहे थे वह बेहद गंभीर था और कहानी में एक महत्वपूर्ण बिंदु की ओर ले जा रहा था, जहां युविका (अंजलि तत्रारी) दादाबाबू (पुनीत इस्सर) को डीजे के चंगुल से बचाने की कोशिश कर रही थी। सीक्वेंस और आगामी ट्रैक के महत्व को समझते हुए, माहिर ने शूटिंग जारी रखी, हालांकि उनके सीन्स को बदल दिया गया, ताकि वे अपनी हैमस्ट्रिंग पर तनाव से बचने के लिए कुर्सी पर बैठकर आराम कर सके।

# सोनी सब के पुष्पा इम्पॉसिबल में क्या पुष्पा और देवी उसे बचा पाएंगी ?

सोनी सब का पुष्पा इम्पॉसिबल पुष्पा पटेल (करुणा पांडे) की कहानी प्रदर्शित करता है, जो कई चुनौतियों का सामना करने वाली मेहनती और दृढ़संकल्पित महिला है। हालिया एपिसोड्स में, दर्शकों ने देखा कि दीप्ति (गरिमा परिहार) और चिराग (नवीन पंडिता) ने अपने परिवार को पूरा करने के लिए स्वरा (वृहि कोडवारा) को गोद लेने का फैसला किया। जब पटेल परिवार में सब कुछ ठीक होने लगता है, तभी उनके जीवन में एक चौंकाने वाला मोड़ आता है, जहां जुगल (अंशुल त्रिवेदी) पर दिलीप पटेल (जयेश मोरे) की हत्या का आरोप लगता है।



जबकि पटेल परिवार गोद लेने की कार्यवाही शुरू करता है, वे एक रेस्तरां में स्वरा का जन्मदिन मनाते हैं। जबकि हर कोई उसका जन्मदिन मना रहा है, दिलीप पटेल, जुगल से बदलना लेने की साज़िश रच रहा है। दिलीप पटेल से बदला लेने के लिए, संतोष (अमित श्रीकांत सिंह) रेस्तरां में आग लगाने का फैसला करता है। जबकि हर कोई रेस्तरां से बाहर भागने की कोशिश करता है, दिलीप और जुगल अंदर रह जाते हैं, और राशि देखती है कि जुगल ने दिलीप को आग में धकेल दिया है जिससे स्पष्ट रूप से उसकी मृत्यु हो गई है। जैसे ही राशि जुगल पर उसके पिता को आग में फेंकने का आरोप लगाती है, पुलिस जुगल को गिरफ्तार कर जेल ले जाती है। इस मोड़ पर, पुष्पा की मार्गदर्शक और वकील देवी (उर्वशी ढोलकिया) जुगल को जेल से बाहर निकालने की कोशिश करने के लिए वापसी करती है।

पुष्पा की भूमिका निभाने वाली करुणा पांडे कहती हैं, पुष्पा का जीवन चुनौतियों से भरा है और आग की घटना के साथ, वह ऐसे पड़ाव पर पहुंच गई है, जहां वह निराश महसूस करती है। एक तरफ, उसका तलाकशुदा पति आग में झुलस चुका है और दूसरी ओर, उसके

# एण्ड टीवी के कलाकारों ने उन मजेदार प्रैंक्स के बारे में बताया, जिनके शिकार वे खुद ही हुए थे



हर साल अप्रैल फूल्स डे पर दुनियाभर में लोग मजेदार प्रैंक्स के साथ इस खास दिन का जश्न मनाते हैं। यह दिन हमें सामान्य रुटीन से हटकर एक खुशनुमा ब्रेक देता है। कई लोग इस दिन हंसी-ठिठोली और शरारतों में रम जाते हैं। हालांकि, कई बार इन प्रैंक्स के असली शिकार वे खुद ही बन जाते हैं। एण्डटीवी के कलाकारों ने अपने साथी को-स्टार्स और प्रियजनों के साथ हुई ऐसे ही कुछ बेहद मजेदार प्रैंक्स के बारे में बात की। इसमें एक-दूसरे के साथ हंसी-मजाक और मस्ती करने से बने मजबूत रिश्तों की झलक मिलती है। इन कलाकारों में शामिल हैं - व्योम ठक्कर (नन्हा अटल, 'अटल'), आर्यन प्रजापति (ऋतिक, 'हप्पू की उलटन पलटन') और शुभांगी अत्रे (अंगूरी भाबी, 'भाबीजी घर पर हैं')।

एण्डटीवी के शो 'अटल' में नन्हें अटल की भूमिका निभा रहे व्योम ठक्कर ने कहा, अपने को-स्टार्स के साथ प्रैंक्स करने में मुझे बड़ा मजा आता है। इसके लिये सिर्फ अप्रैल फूल वाले दिन का इंतजार नहीं होता है, बल्कि यह कभी-भी हो सकता है! खासकर एक प्रैंक जो मुझे याद है, वह नेहा दीदी के साथ हुआ था। वे मेरी ऑन-स्क्रीन माँ 'कृष्णा देवी' बनी हैं। वह 'अटल' के सेट का एक आम दिन था और मैंने रबर के एक कीड़े से काम लेने की सोची। वह मेरे एक कजिन ने मुझे तोहफे में दिया था। मैंने सेट पर दूसरे बच्चों की मदद से वह कीड़ा नेहा दीदी के कंधे पर गिरा दिया। और फिर हम सबने नाटक किया कि उन पर असली कीड़ा गिरा है। वे मान गईं और उसे हटाने की कोशिश करने लगीं। लेकिन फिर पता चल ही गया कि वह तो एक प्रॉप था, जिससे उन्हें कोई नुकसान नहीं था। हमारी कोशिश कामयाब नहीं हो पाई, लेकिन असली मजा तब शुरू हुआ, जब नेहा दीदी ने यह प्रैंक आशुतोष दादा से करने में हमारा साथ दिया। वे मेरे ऑन-स्क्रीन पिता 'कृष्ण बिहारी' की भूमिका निभा रहे हैं। उनका रिएक्शन कमाल का था और वे हमारे साथ चिल्लाने लगे, जबकि उन्हें हंगामे का असली कारण पता ही नहीं था।

एण्डटीवी के शो 'हप्पू की उलटन पलटन' में ऋतिक की भूमिका निभा रहे आर्यन प्रजापति ने कहा, मुझे एक घटना अच्छी तरह से याद है। बात उस वक्त की है, जब मैं फिल्म सेट पर काम किया करता था। हम लगभग रोजाना ही शरारतें करते थे, लेकिन यह तो कमाल ही था। मेरा जन्मदिन था और हर किसी ने उत्सुकता से पूछा कि पार्टी कहाँ है? तो मैंने उन्हें पेस्ट्रीज़ से सरप्राइज़ देने का फैसला किया। हालांकि, मैं एक ट्विस्ट लेकर आया और मैंने एक चॉकलेट पेस्ट्री की क्रीमी फिलिंग में सूखी लाल मिर्च का पाउडर डाल दिया। जब लोगों ने उसे खाया, तब हंगामा हो गया! उनके अजीब रिएक्शंस के बीच कुछ लोग तो मेरे पीछे भागे और वे साफतौर पर नाखुश दिख रहे थे। बाद में मेरी माँ ने खाना खराब करने के लिये मुझे डांटा और मैं समझ गया कि इस प्रैंक का मुझे अच्छा फल नहीं मिला (हंसते हैं)।

एण्डटीवी के 'भाबीजी घर पर हैं' में अंगूरी भाबी की भूमिका निभा रहीं शुभांगी अत्रे ने कहा, मैं एक चुलबुली ट्रिक्स्टर हूँ और अपनी बेटी आशी के साथ शरारत करने से खुद को रोक नहीं पाती हूँ। वह अक्सर अपना फोन कहीं रखकर भूल जाती है। एक दिन जब वह पागलों की तरह अपना फोन ढूंढ रही थी, तब मैंने चुपके से उसका फोन लेकर दरवाजे पर लटके उसके जैकेट की जेब में डाल दिया। वह दो घंटे तक पूरे घर में अपना फोन ढूँढती रही। मैं उसकी हालत ज्यादा देर तक नहीं देख सकी और मैंने प्यार से कहा कि क्या तुमने अपने जैकेट की जेब देखी है? कभी-कभी चीजें वहाँ मिल जाती हैं, जहाँ से हमें कम उम्मीद होती है। हालांकि, उसका कहना था कि अगर फोन नहीं मिलता है, तो शाम को दूसरा फोन खरीदना होगा। यह सुनकर मैंने तुरंत उसके जैकेट से उसका फोन निकालकर उसे दे दिया। उसके चेहरे पर अविश्वास और खुशी का मिला-जुला रूप देखने को मिला और वह जोर से हंसने लगी। उसे पता चल गया था कि आखिरकार मेरी प्रैंक का शिकार वह नहीं, बल्कि मैं खुद हुई थी। देखिये 'अटल' रात 8:00 बजे, 'हप्पू की उलटन पलटन' रात 10:00 बजे और 'भाबीजी घर पर हैं' रात 10:30 बजे, हर सोमवार से शुक्रवार सिर्फ एण्डटीवी पर!

## एक नजर

### नामांकन के दूसरे दिन एक अभ्यर्थी ने जमा किया नाम-निर्देशन पत्र



**कांकेर, 31 मार्च ।** लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के दूसरे चरण के लिए नामांकन की प्रक्रिया 28 मार्च से शुरू हो गई है। आज नामांकन के दूसरे दिन कांकेर लोकसभा क्षेत्र क्रमांक-11 के लिए 01 अभ्यर्थी का नाम-निर्देशन पत्र प्राप्त हुआ। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं रिटर्निंग ऑफिसर श्री अभिजीत सिंह के समक्ष कोण्डागांव जिला अंतर्गत फरसगांव तहसील के ग्राम कोनगुड़ निवासी श्री सोनसिंह ने नाम-निर्देशन-पत्र दो प्रतियों में जमा किया। साथ ही रिटर्निंग ऑफिसर के समक्ष संविधान के प्रति सच्ची श्रद्धा और निष्ठा रखने की शपथ भी ली। उल्लेखनीय है कि लोकसभा निर्वाचन 2024 के द्वितीय चरण में कांकेर लोकसभा क्षेत्र में 26 अप्रैल को मतदान होगा। अभ्यर्थी अपना नामांकन पत्र (शासकीय अवकाश को छोड़कर) प्रातः 11 बजे से दोपहर 03 बजे तक जमा कर सकते हैं। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 04 अप्रैल है तथा नामांकन पत्रों की संवीक्षा 05 अप्रैल को होगी। इसी प्रकार नाम वापसी 08 अप्रैल को दोपहर 03 बजे तक ली जा सकेगी।

### मतदान अधिकारियों के लिए रहेगी आवासीय सुविधा

**कांकेर, 31 मार्च ।** लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के तहत कांकेर लोकसभा क्षेत्र क्रमांक 11 में दूसरे चरण में आगामी 26 अप्रैल को मतदान किया जाएगा। जिले के सभी 727 मतदान केन्द्रों में ईव्हीएम के माध्यम से वोटिंग सम्पन्न होगी, जिसके लिए पीठासीन अधिकारी सहित मतदान अधिकारी क्रमांक- 01, 02 और 03 की ड्यूटी लगाई गई है। इसके तहत मतदान अधिकारियों की अन्यत्र क्षेत्रों में ड्यूटी लगाई जाती है।

मतदान के पूर्व और पश्चात् उन्हें ठहराने एवं विश्राम करने हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अभिजीत सिंह की पहल पर विशेष व्यवस्था प्रत्येक ब्लॉक मुख्यालय में की जा रही है। मतदान कार्य के दौरान अनुकूल व सकारात्मक वातावरण में वोटिंग सम्पन्न कराने और मतदान के पूर्व और पश्चात् पोलिंग पार्टियों के ठहरने व विश्राम करने के लिए जिले के सभी ब्लॉक मुख्यालयों में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा दिए गए हैं।

# बूथ विजय संकल्प अभियान के तहत भाजपा ने लगाया हर घर में पार्टी का झंडा:केदार

## पार्टी के अभियान से भारत हो गया भगवामय

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**नारायणपुर, 31 मार्च।** वन मंत्री व नारायणपुर विधायक केदार कश्यप लगातार लोकसभा चुनाव प्रचार के लिए बस्तर के गांवों में जनसंपर्क कर रहे है। शनिवार को मंत्री कश्यप बूथ विजय संकल्प अभियान के तहत कई गांवों में लोगों से संपर्क किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की साय सरकार के विकास कार्यों की जानकारी क्षेत्र के लोगों को प्रदान की।इसके साथ ही वन मंत्री केदार कशप ने भानपुरी मंडल के तहत बूथ क्रमांक 240-करन्दोला, 247- चपका, 249- मुंजला, 251-देवड़ा और बूथ क्रमांक 263 सोनारपाल में देवतुल्य कार्यकर्ताओं के घरों में भाजपा का झंडा लगाया। कांग्रेस के पास झंडा उठाने के लिए कार्यकर्ता नही, हमने घरों घर लगाया भाजपा का झंडावनमंत्री केदार कश्यप ने कहा कि बूथ विजय संकल्प अभियान के तहत भाजपा के कार्यकर्ता




घरों घर पहुँच रहे हैं। आज बूथ स्तर पर घर-घर जा कर सभी कार्यकर्ताओं ने भाजपा का झंडा लगाया है। पूरा देश भगवामय हो गया है। जबकि कांग्रेस के पास चुनाव लड़ाने के लिये नेता बहुत दूर की बात है आज कांग्रेस का झंडा उठाने के लिए उनके पास कार्यकर्ता नही है। भारत के नवनिर्माण में कार्यकर्ताओं का अहम योगदान मंत्री केदार कश्यप ने कार्यकर्ताओं से कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए इस बार फिर से मोदी की सरकार बनानी है। बस्तर से महेश कश्यप को भारी मतों से जिताना है। इसके लिए सभी कार्यकर्ता जुट जाए। वन मंत्री ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि कार्यकर्ता ही भाजपा की ताकत है। सभी विकसित राष्ट्र बनाने में अहम भूमिका निभाएंगे।

## महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव 14 से 21 अप्रैल तक सामाजिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन

**दुर्ग।** भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव समिति के बैनर तले जैन समाज की विभिन्न सेवाभावी संस्थाओं के सहयोग से इस वर्ष भगवान महावीर का 2623 वन जन्म महोत्सव 14 अप्रैल से 21 अप्रैल तक सामाजिक सांस्कृतिक सेवा के विभिन्न कार्यक्रमों के साथ मनाया जा रहा है। इस वर्ष भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के अध्यक्ष अजय श्रीश्रीमाल महामंत्री चुन्नीलाल जैन, उपाध्यक्ष संदीप लोहाडिया, किशोर श्री श्रीमाल शशांक चोपड़ा, सह मंत्री पीयूष पारख, मनोज बाकलीवाल, राजा कांकरिया, कोषाध्यक्ष रितेश बुरड तथा प्रचार प्रसार की भूमिका में नवीन संचेती अपने पदों पद का निर्वहन बेहतर ढंग से संपादित कर रहे हैं। भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के प्रचार प्रसार प्रमुख नवीन संचेती ने आयोजित होने वाले कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया 14 अप्रैल को नवकार महामंत्र जाप एवं सामूहिक समय के साथ भगवान महावीर के जन्म कल्याणक का आगाज होगा इसी दिन जैन समाज के सभी वर्ग संप्रदाय के जैन धर्मावलंबी इस आयोजन में अपनी हिस्सेदारी दर्ज करेंगे । 15 अप्रैल से 20 अप्रैल तक प्रतिदिन प्रातः भगवान महावीर के जय घोष के साथ दुर्ग शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अहिंसा रैली निकाली जाएगी जिसमें मालवीय नगर दीपक नगर पदनाभपुर वर्धमान हाइट्स ग्रीन सिटी महावीर कॉलोनी खंडेलवाल कॉलोनी ऋषभ कॉलोनी गया नगर बांधा तालाब में प्रत्येक अलग अलग दिवस अहिंसा यात्रा निकाली जाएगी । सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में 18 अप्रैल को रात्रि 8:00 बजे से लालमस्ताना इंदौर की भक्ति संध्या का लोक आनंद ले सकेंगे यह आयोजन गंजमंडी प्रांगण गंजपरा दुर्ग में आयोजित होगा। 17 अप्रैल की रात्रि 7:30 बजे दुर्ग जैन समाज की पाठशाला के बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति होगी जिसे वीर वाटिका के नाम से जाना जाएगा । जैन समाज की बच्चियों को आत्मनिर्भर आत्मरक्षा के गुण सीखने के लिए 15 अप्रैल से 19 अप्रैल तक आत्मरक्षा शिविर आयोजित होगा जिसमें जैन समाज की बच्चियों कभी विपरीत परिस्थितियों में किसी भी कठिनाइयों का डटकर मुकाबला कर सकेगी यह आयोजन जय आनंद मधुकर रतन भवन बांदा तालाब दुर्ग में आयोजित होगा जैन बच्चों को श्री अमलेनदु तालुकदार जी 5 दिन का प्रशिक्षण देंगे। 19 अप्रैल को ही रात्रि 8 बजे प्रभु पार्श्व नाथ जी के जीवन दर्शन पर आधारित नृत्य नाटिका का मंचन होगा यह आयोजन उज्जैन के ख्याति नाम जगरुप ग्रुप के कलाकारों द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। 20 अप्रैल को महिलाओं के लिए विशेष कार्यक्रम गर्भ संस्कार ज्ञान विज्ञान का आयोजन होगा यह आयोजन दोपहर 3 से 5 बजे तक आयोजित होगा, इसी दिन 20 अप्रैल को सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में वीर वंदना भक्ति गीत संगीत स्पर्धा का आयोजन होगा जिसमें शहर के जैन संगीत मंडल के लोग हिस्सा लेंगे और रात्रि 12 बजे भगवान महावीर की महाआरती का आयोजन होगा। 21 अप्रैल को भगवान महावीर जन्म कल्याणक के दिन जिला चिकित्सालय में फल वितरण गौशाला में सब्जी खिलाने का कार्य विशाल रक्तदान शिविर जिला चिकित्सालय एवं वर्धमान भवन दुर्ग में आयोजित होगा। आदिनाथ जैन मंदिर एवं कस्तूरबा बाल मंदिर इंदिरा मार्केट दुर्ग में प्रभु महावीर की पूजा अभिषेक के बाद मारवाड़ी विद्यालय से भव्य शोभा यात्रा प्रारंभ होगी जो शहर के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण करेगी।

# दुर्ग में कांग्रेस के केन्द्रीय चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

**दुर्ग।** दुर्ग लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने राजीव भवन कांग्रेस भवन को केन्द्रीय चुनाव कार्यालय बनाया है। जिसका छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शनिवार को लोकसभा प्रत्याशी राजेन्द्र साहू के अलावा कांग्रेस के पूर्व मंत्रियों, विधायक, पूर्व विधायकों, जिलाध्यक्षों व नौ विधानसभा क्षेत्रों के कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में उद्घाटन किया। इस अवसर पर राजीव भवन परिसर में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि लोकसभा का यह आम चुनाव नहीं है, बल्कि यह खास चुनाव है। इसलिए कांग्रेस कार्यकर्ताओं को मतदाताओं के पास स्थानीय, प्रादेशिक व राष्ट्रीय मुद्दों को लेकर मजबूती के साथ जाना है। इस चुनाव में भाजपा ने 400 पार का नारा दिया है, ताकि वे महापुरुष डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा तैयार किए गए संविधान में परिवर्तन कर सके। भाजपा संवैधानिक एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। भाजपा के खिलाफ बोलने की आजादी छीन ली गई है। जिसने भी खिलाफत की उस पर ईडी, आईटी व अन्य एजेंसियों ने शिकंजा कसा है। जिससे लोकतंत्र व संविधान खतरे में आ गया है। यह लोकसभा चुनाव देश की जनता की लड़ाई है।लोकतंत्र को सुरक्षित रखने के लिए यह लड़ाई हमें मिलकर लडनी है। मोदी की गारंटी को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आड़े हाथों लेते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में भाजपा ने बड़े-बड़े वादे किए थे, लेकिन 4



माह के कार्यकाल के बाद भी मोदी की गारंटी को राज्य की भाजपा सरकार धरातल पर नहीं उतार पाई है। कहा गया था कि किसानों को वर्ष 17 और 18 के धान खरीदी का बकाया बोनस दिया जाएगा, लेकिन राज्य सरकार द्वारा वर्ष 14, 15 और 16 के आधार पर बोनस दे दिया गया है,जबकि इन वर्षों में छत्तीसगढ़ में अकाल की स्थिति निर्मित हुई थी। यह बोनस की राशि भी सभी किसानों के बैंक खातों में नहीं पहुंची है। इस वर्ष की धान खरीदी की राशि भी किसानों को एकमुश्त नहीं दी गई है। यह राशि पंचायत भवन में देने का भाजपा ने वादा किया था, लेकिन यह वादा भी झूठा निकला। इस वर्ष की धान खरीदी की बोनस राशि 12 मार्च को दी भी गई, तो किसान अपने बैंक खातों से 30 हजार से ज्यादा की रकम निकाल भी नहीं पा रहे है। महतारी वंदन योजना अंतर्गत मार्च माह में महिलाओं को 1 हजार रुपए बैंक खातों में डाला गया है, लेकिन अगले 3 माह की राशि महिलाओं को कौन देगा? यह बड़ा सवाल बना हुआ है। इस योजना के लिए महिलाओं को बैंको का बार-बार चक्कर काटना पड़ा है। उज्जवला योजना में भी राज्य की भाजपा सरकार महिलाओं के साथ छल कर रही है। मोदी की गारंटी को पूरा करने में राज्य की भाजपा सरकार ने कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई है, लेकिन राज्य की पूर्व कांग्रेस सरकार की योजनाओं को जरुर साय साय बंद कर दिया गया है। गोबर खरीदी, वर्मी कम्पोस्ट, राजीव युवा मितान क्लब, बेरोजगारी भत्ता, 18 लाख आवास आबंटन एवं अन्य योजनाएं बंद कर दिए गए है। 35 किलो मिलने वाला खाद्यान्न अब 5 किलों मिलेगा। राज्य के पूर्व कांग्रेस सरकार के इन योजनाओं के बंद होने से लोगों को बड़ा नुकसान उठाना पड़ेगा। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि राज्य की भाजपा सरकार कांग्रेस पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाने से थक नहीं रही है, लेकिन उल्टा अब भाजपा का भ्रष्टाचार वाला चेहरा सामने आ गया है। कोयला घोटाला में नाम आने वाले चिंतामणि महाराज के भाजपा में प्रवेश करते ही वे मोदी के वाशिंग मशीन में धुलकर साफ हो गए है। खाद्यान्न मामले में राज्य की भाजपा सरकार भ्र्ष्टाचार में लिप्त है। भाजपा का अब चंदा दो धंधा लो नारा बन गया है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कार्यकर्ता सम्मेलन में मौजूद कांग्रेस कार्यकर्ताओं व आम लोगों को दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी राजेन्द्र साहू को जिताने का आव्हान करते हुए कहा कि राजेन्द्र साहू कांग्रेस के एक सामान्य कार्यकर्ता है। सामान्य कार्यकर्ता पर कांग्रेस ने भरोसा जताया है। इसलिए एक-एक कार्यकर्ता इस चुनाव में अपने आप कोप्रत्याशी मानकर कार्य करें और लोकतंत्र व संविधान के लिए खतरा उत्पन्न करने वाले भाजपा को उखाड़ फेंके। श्री बघेल ने कांग्रेस के चुनावी घोषणा पत्र का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस नारी न्याय योजना के तहत गरीब महिलाओं को साल में 1 लाख रुपए प्रोत्साहन राशि देगी। इसके अलावा घोषणा पत्र के अन्य योजनाओं को मतदाताओं के घर-घर तक पहुंचाने कार्यकर्ताओं से आव्हान किया। कार्यकर्ता सम्मेलन में पूर्व मंत्री रविन्द्र चौबे, रुद्रकुमार, भिलाई विधायक व बिलासपुर प्रत्याशी देवेन्द्र यादव, वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रदीप चौबे, पूर्व विधायक अरुण वोरा, बीडी कुरैशी, प्रतिमा चंद्राकर, पूर्व महापौर आरएन वर्मा,जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष निर्मल कोसरे, शहर कांग्रेस अध्यक्ष गया पटेल, भिलाई कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, दुर्ग कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष अलताफ अध्यक्ष ,अजय मिश्रा, सभापति राजेश यादव,दुर्ग निगम एमआईसी प्रभारी ऋषभ जैन (बाबू), पूर्व सभापति राजकुमार नारायणी, जिला ग्रामीण युवा कांग्रेस अध्यक्ष जयंत देशमुख,प्रदेश एनएसयूआई उपाध्यक्ष सोनू साहू, प्रदेश युकां महामंत्री संदीप वोरा, शिवाकांत तिवारी, राहुल शर्मा, सुमीत वोरा के अलावा 9 विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में जुटे।

### युवक पर कटर से हमला, 3 गिरफ्तार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 31 मार्च।** भिलाई नगर थाना क्षेत्र मामूली विवाद के चलते एक युवक पर कटर से जानलेवा हमला करने वाले तीन बदमाशों को भिलाई नगर पुलिस ने घटना के दो सप्ताह बाद गिरफ्तार किया है। आरोपितों ने सिविक सेंटर में युवक पर जानलेवा हमला किया था। गिरफ्तार तीनों आरोपित आदतन अपराधी हैं। उनके खिलाफ हत्या का प्रयास की धारा के तहत प्राथमिकी कर जेल भेजा गया है भिलाई नगर टीआई राजकुमार लहरे ने बताया कि घटना बीते 15 मार्च की है श्रीराम जानकी मंदिर के पास राजीव नगर खुर्सीपार निवासी सुजीत चौधरी (27) बीते 15 मार्च को अपने दो दोस्तों के साथ सिविक सेंटर में चार पीने के लिए गया था। वहां पर वे अपने दोस्तों से बात कर रहा था उसी दौरान तीन बदमाश भी वहां पर शराब के नशे में खंड़े थेआरोपितों को लगा कि पीड़ित उनके बारे में ही बात कर रहा है इस बात को लेकर आरोपितों ने विवाद शुरू कर दिया और सुजीत चौधरी के सीने व पेट पर कटर से जानलेवा हमला कर दिया था इसके बाद तीनों आरोपित मौके से फरार हो गए थे घटना की जानकारी मिलने पर भिलाई नगर पुलिस ने तीनों आरोपितों के खिलाफ हत्या का प्रयास की धारा के तहत प्राथमिकी की थी आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच करने पर आरोपितों की पहचान इंदू टेक्नीकल इंस्टीट्यूट के पास पुराना बस स्टैंड पावर हाउस निवासी सोनू उर्फ मोटा सिन्हा (22), उत्तम टाकीज के पीछे पावर हाउस निवासी समीर उर्फ गिल्लू जायसवाल (23) और श्रमिक नगर पावर हाउस निवासी संजय उर्फ संजू खान (35) के रूप में की गई। इसके बाद पुलिस ने तीनों आरोपितों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ की आरोपित सोनू उर्फ मोटा सिन्हा, समीर उर्फ गिल्लू और संजय उर्फ संजू खान का पुराना आपराधिक रिकार्ड है तीनों आरोपितों के खिलाफ छावनी थाना में चोरी, मारपीट और हत्या का प्रयास जैसे कुल 11 मामले दर्ज हैं इस कांड का मुख्य आरोपित संजय उर्फ संजू खान है उसने अपने दो साथियों के साथ मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया पुलिस ने तीनों आरोपितों को न्यायालय पेश किया, जहां से उन्हें रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

## मतदाताओं को रैली निकालकर किया जागरूक




**धमतरी।** एकीकृत महिला एवं बाल विकास परियोजना धमतरी (ग्रामीण) सेक्टर-धमतरी की कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती जगरानी एक्का के निर्देश एवं पर्यवेक्षक श्रीमती उषा किरण चन्द्राकर के मार्गदर्शन में महिला एवं पुरूषों द्वारा बड़ी संख्या में ग्राम-मुजगहन में मंदिर पारा, गांधी चौक से होते हुए पीपरपारा तक मतदाता जागरूकता की रैली निकालकर मतदाताओं को निष्पक्ष मतदान करने का आह्वान किया गया, जिसमें ''हमको यह समझाना है, सबको वोट दिलाना है। कर्तव्यों से कोई न रूठे, किसी का वोट कभी न छूटे। हम सबका ही हो अरमान, सर्वस्व जरूरी हो मतदान। मतदान हमारा अधिकार है, इससे बनती सरकार है। देश के मतदाता है, वोट देना आता है। सबका यह अरमान है, करना सब मतदान है। उम्र अठारह पूरी है, मत देना बहुत जरूरी है'' जैसे नारों के माध्यम से गुंजार करते हुए गांव का भ्रमण किया गया। इस अवसर पर पर्यवेक्षक श्रीमती उषा किरण चन्द्राकर ने मतदान के महत्वपूर्ण तथ्यों का जिक्र करते हुए कहा कि मतदान महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह लोगों के लिए अपनी सरकार में अपनी बात कहने और अपने हितों का प्रतिनिधित्व करने वाले अधिकारियों को चुनने का एक तरीका है। यह लोगों के लिए अपनी सरकार को जवाबदेह ठहराने का एक तरीका भी है। मतदान लोगों को उन निर्णयों में अपनी बात रखने का अधिकार देता है, जो उनके जीवन को प्रभावित करते हैं। आगे उन्होंने यह भी कहा कि मतदान मौलिक अधिकार होने के साथ-साथ हमारे लोकतंत्र के स्वास्थ्य के लिए भी महत्वपूर्ण है।वहीं श्री नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर के पास महिलाओं को-हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाये रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भिक होकर धर्म, मूलवंश, जाति, समुदाय, भाषा पर अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई।इस अवसर पर मुख्य रूप से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती अंजू गंगबेर, श्रीमती कविता ध्रुव, श्रीमती दिनेश्वरी मंडावी, श्रीमती मालती सेन, श्रीमती पूजा साहू, श्रीमती चंचल सेन, श्रीमती सुनिती साहू, श्रीमती मनीषा गोस्वामी, श्रीमती गोदावरी, श्रीमती कुसुमलता, श्रीमती मोनिका, श्रीमती बिमला, श्रीमती मथुरा साहू, श्रीमती चुनेश्वरी, श्रीमती ललीता, श्रीमती भारती, श्रीमती दामिनी, श्रीमती सोहागा बाई साहू, श्रीमती धनेश्वरी साहू, श्रीमती आशा साहू, श्रीमती सुमित्रा साहू, श्रीमती दमयंतीन ध्रुव, श्री आजूराम साहू, श्री गुहलेद राम साहू, श्री सुंदर लाल, श्री दल्लूराम, श्री उदय राम नागरची, श्री रामबिशाल उपस्थित थे।

### मत सर्वेक्षण पर 19 अप्रैल से 1 जून तक रहेगा प्रतिबंध

**कांकेर, 31 मार्च ।** लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के अंतर्गत छत्तीसगढ़ में तीन चरणों में मतदान सम्पन्न होगा तथा 04 जून को एक साथ मतगणना सम्पन्न होगी। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कोई भी व्यक्ति किसी प्रकार का निर्गम मत सर्वेक्षण (एग्जिट पोल) नहीं करेगा। लोकसभा निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए आयोग द्वारा शुक्रवार 19 अप्रैल को पूर्वान्ह 07 बजे से 01 जून 2024 दिन शनिवार को शाम 6.30 बजे के बीच की अवधि को ऐसी अवधि के रूप में अधिसूचित किया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अभिजीत सिंह ने बताया कि इस दौरान किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल का आयोजन करने तथा प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा इसके परिणाम के प्रकाशन या प्रचार अथवा किसी भी अन्य तरीके से उसका प्रसार करने पर प्रतिबंध होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने आयोग द्वारा जारी अधिसूचना के संबंध में जानकारी देते हुए बताया लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 126क में यह विनिर्दिष्ट किया गया है कि कोई भी व्यक्ति किसी प्रकार का निर्गम मत (एक्जिट पोल) सर्वेक्षण नहीं करेगा और किसी निर्गम मत सर्वेक्षण के परिणाम का प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से प्रकाशन या प्रचार या किसी भी प्रकार की अन्य रीति से प्रसार नहीं करेगा।

## समाचार संक्षेप

### मतदाता जागरूकता अभियान में मानव श्रृंखला बना कर दिया मतदान का संदेश



**सुकमा, 31 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री हरिस. एस के निर्देशन में लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान जिले के युवा, बुजुर्ग, महिला, पुरूष सहित स्कूल एवं कॉलेजों के सभी छात्र छात्राओं को मतदान के प्रति जागरूक करने हेतु रैली, भाषण एवं रंगोली प्रतियोगिताएं जैसे अनेक कार्यक्रमों के माध्यम से शत प्रतिशत मतदान करने हेतु मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है।

इसी क्रम में आज कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री हरिस. एस के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं नोडल अधिकारी स्वीप श्री लक्ष्मण तिवारी के मार्गदर्शन में जिला मुख्यालय सुकमा, सहित जिले के सभी ब्लॉकों, नगरीय निकायों, ग्रामों एवम् स्कूलों में मानव श्रृंखला बनाकर लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में सभी मतदाओं को अनिवार्य रूप से मताधिकार का उपयोग करने के लिए जागरूक किया गया। जिला मुख्यालय एवं सभी विकासखंडो अंतर्गत आने वाले विद्यालयो, कॉलेज, पोटाकेबिन एवं छात्रवासी बच्चों द्वारा मानव श्रृंखला बनाकर विभिन्न आकृतियों के माध्यम से मतदाताओं को प्रेरित करने के उद्देश्य से मानव श्रृंखला का आयोजन किया गया। सुकमा जिला मुख्यालय में गादीरास चौक से घड़ी चौक होते हुए मिनी स्टेडियम में मानव श्रृंखला का समापन हुआ। जहां पर एकत्रित बच्चों, शिक्षक और नागरिकों को निष्पक्ष और भयमुक्त मतदान करने की शपथ दिलाई।इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर सुश्री मधु तेता, तहसीलदार सुकमा श्री परमेश्वर मंडावी, उपसंचालक समाज कल्याण एवं सहायक नोडल स्वीप श्री संजय पांडे, सीएमओ सुकमा श्री एच आर गोंदे, एपीसी श्री आशीष राम, श्री प्रफुल्ल डैनियल, महाविद्यालय के स्वीप नोडल श्री महेश नागरची एवं शिक्षकगण सम्मिलित हुए।आज स्वीप के तहत आयोजन कार्यक्रम में ब्लॉक, नगरिया निकायों, ग्रामों और स्कूलों में बच्चों ने मानव श्रृंखला बनाकर लोगों को जागरूक किया उल्लेखनीय है कि आकांक्षी ब्लॉक कोंटा में भी बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में वोटर टर्नआउट प्रतिशत बढ़ाने के लिए एक सकारात्मक और उल्लेखनीय सहयोग दिया। इस बृहद आयोजन में सुकमा जिले के प्रवेश द्वार तोंगपाल से लेकर छिंदगढ़, सुकमा एवं अंतिम विकासखंड कोंटा में मानव श्रृंखला बनाकर पूरे जिले के एक छोर से दूसरे अंतिम छोर तक समस्त मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु जागरूक किया गया। शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए जागरूक किया गया।

### नक्सलियों के बंद और उनके अमानवीय कृत्यों का विरोध करें: फारूख अली



**सुकमा, 31 मार्च।** लगातार नक्सलियों द्वारा ग्रामीणों की हत्या और बीते दिनों नक्सलियों द्वारा लगाये आईईडी के चपेट मे आने से एक ग्रामीण बुरी तरह घायल हुआ,और नक्सलियों द्वारा बंद के आह्वान पर भड़कते हुए नक्सल विरोधी फ़ारूख अली ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा नक्सली हत्यारे हैं सिर्फ़ खून बहाना और आतंक मचाना नक्सलियों का मक़सद रह गया है,फ़ारूख अली ने कहा होली के एक दिन पूर्व बीजापुर मे एक जवान को धोके से गोली मारी नक्सलियों ने और बीजापुर ज़िला के बासगुड़ा मे होली के दिन 25/3/24 को होली मनाकर आ रहे तीन ग्रामीणों पर हमला कर बेरहमी से नक्सलियों ने हत्या कर दिया।एक और दिल दहला देने वाली घटना सामने आई 11/3/24 को नक्सलियों द्वारा बीजापुर ज़िले के इतावर गाँव के क़रीब आईईडी लगाकर एक ग्रामीण को घायल कर दिया,ग्रामीण युवक 18 वर्षीय गुड्डू लेकाम के दोनों पैर चले गये,बुरी तरह से घायल युवक को नक्सलियों ने 17 दिनों तक बंधक बनाकर जंगलों मे रखा,जब परिजनों को खबर लगी तो ग्रामीणों की मदद से अस्पताल पहुँचाया,देर होने के कारण युवक के पैर ख़राब हो गये।इसके बाद भी नक्सलियों ने अफ़सोस तक नही जताया न ही माफ़ी माँगी,नक्सलियों ने अपने ख़त्म होते अस्तित्व को बचाने 30 मार्च को बीजापुर ज़िला बंद एवं 3/4/24 को सुकमा एवं बीजापुर ज़िला बंद का आह्वान किया,और व्यापारियों को धमकी दी है जो की बेहद निंदनीय है,नक्सलियों को चैलेंज करते हुए फ़ारूख अली ने कहा दम है तो मुझसे डिबेट करे नक्सली और मेरे सवालों का जवाब दें।नक्सल विरोधी फ़ारूख अली ने जनता से अपील की है नक्सलियों का विरोध करें,उनके क्रूरता का उनके करतूतों का,फ़ारूख अली ने आगे कहा जल्द मै बीजापुर मे पीड़ित परिवारों से मिलने जाऊँगा,और नक्सलियों के ख़िलाफ़ ग्रामीणों को लामबंद होने आग्रह करूँगा।

### सामान्य प्रेक्षक डॉ.जे. गणेशन ने मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण



**जगदलपुर 30 मार्च ।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 10 बस्तर (अजजा) के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक डॉ.जे.गणेशन ने शनिवार को बस्तर जिले के जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया और मतदान केन्द्रों पर निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप मतदाताओं के लिए छाया,पेयजल,शौचालय की सुविधा सहित दिव्यांग मतदाताओं हेतु रैम्प इत्यादि की व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिए। सामान्य प्रेक्षक डॉ.गणेशन ने अपने भ्रमण के दौरान ओड़ीसा सीमा पर स्थित धनपूंजी एवं भेजापदर चेक पोस्ट सहित आसना और आड़ावाल चेक पोस्ट का जायजा लिया और यहां तैनात स्थैतिक निगरानी दलों के कार्यों का जांच कर नकदी,आभूषण एवं शराब के परिवहन पर कड़ी निगरानी रखे जाने के निर्देश दिए। सामान्य प्रेक्षक डॉ.जे.गणेशन ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत माध्यमिक शाला नगरनार में स्थापित मतदान केन्द्र क्रमांक 47-48, प्राथमिक शाला नगरनार में मतदान केन्द्र क्रमांक 49-50 सहित मतदान केन्द्र क्रमांक 70 पंचायत भवन आड़ावाल, मतदान केन्द्र 69 हाईस्कूल आड़ावाल, मतदान केन्द्र 67 माध्यमिक शाला आड़ावाल, मतदान केन्द्र 76-78 हाईस्कूल केवरामुण्डा, मतदान केन्द्र 74-75 हायर सेकंडरी स्कूल भगतसिंह जगदलपुर, मतदान केन्द्र क्रमांक 146-148 प्राथमिक शाला भगतसिंह पथरागुड़ा जगदलपुर,मतदान केन्द्र 154-155 प्राथमिक शाला रवींद्रनाथ टैगोर जगदलपुर तथा मतदान केन्द्र क्रमांक 156 शासकीय कन्या माध्यमिक शाला केवरामुण्डा का निरीक्षण कर मतदाताओं को सुगम मतदान करने हेतु प्रवेश एवं निकास की व्यवस्था तथा अन्य सुविधाओं को देखा और सभी मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराए जाने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए। उन्होंने चेक पोस्ट में वाहनों की जांच सम्बन्धी जानकारी, पंजियों के संधारण इत्यादि का निरीक्षण किया और यहां पर तैनात स्थैतिक निगरानी दलों को सभी वाहनों का सघन जांच करने के निर्देश दिए। इस दौरान नगर पुलिस अधीक्षक श्री उदित पुष्कर,तहसीलदार श्री अंकुर रात्रे,लायजनिंग ऑफिसर श्री चेरपा एवं अन्य अधिकारी मौजूद थे।

एक नजर

## प्राथमिक शाला पाली में पांचवी के बच्चों को विदाई दी गई



**राजिम, 31 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । शासकीय प्राथमिक शाला पाली में पाँचवी के विद्यार्थियों को शाला परिवार द्वारा विदाई दी गई. इस अवसर पर मुख्य अतिथि त्रिवेणी साहू (सरपंच) ने कहा कि जीवन में शिक्षा का बहुत ही महत्व है.आज के बच्चे ही आने वाले भविष्य के जिम्मेदार नागरिक बनेंगे. बाबूलाल ध्रुव (शिक्षाविद)ने शिक्षा के गुर बताते हुए कहा की बच्चों को विद्यालय आने से पहले और जाने के बाद जरूर अध्ययन करना चाहिए. प्रधान पाठक कमलेज बघेल ने कहा कि जीवन में संस्कार का बहुत महत्व है.संस्कारवान बच्चों से समृद्ध राष्ट कर निर्माण होता है.वहीं विद्यार्थियों के रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति को देखकर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया. इस अवसर पर शाला प्रबंध समिति के सदस्यों द्वारा पेन उपहार स्वरूप दिया गया बच्चे भी शाला परिवार को घड़ी उपहार मैं भेट किया. इस मौके पर त्रिवेणी साहू, प्रभा साहू, गणेश्वरी साहू, दुर्गेश्वरी बंदे, मंजू मानिकपुरी, ललित साहू, स्वाति साहू, बाबूलाल ध्रुव, शाला प्रबंध समिति के सदस्य व छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## स्कूली बच्चों ने रैली,रंगोली,चित्रों के जरिए लोगों को मतदान के लिए किया जागरूक



**राजिम, 31 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । जिला कलेक्टर गरियाबंद दीपक कुमार अग्रवाल एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार एवं रीता यादव मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत गरियाबंद व नोडल अधिकारी बुद्धविलास सिंह के मार्गदर्शन में आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत प्रतिशत मतदान के लिए स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है.। इसी तारतम्य में जिले के हाई एवं हायर सेकंडरी स्कूलों में स्वीप कार्यक्रम के तहत गरियाबंद जिले में शत प्रतिशत मतदान का लक्ष्य और 18 वर्ष की उम्र के सभी लोगों का नाम मतदाता सूची में शामिल करने के लिए मतदाता जागरूकता के विभिन्न कार्यक्रम चलाया जा रहा है जिसमें स्कूली बच्चों द्वारा मतदाता जागरूकता रैली, चित्रकला, रंगोली प्रतियोगिता एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन कर लोगों में मतदान के प्रति जागरूकता फैलाने का ÷वोट हमारा है अधिकार,करें नहीं इसको बेकार÷ सन्देश नारे के माध्यम से दिया जा रहा है.इस अवसर पर पूरन लाल साहू (ब्लाक नोडल अधिकारी फिंगेश्वर)ने कहा कि लोगों में मतदान के प्रति जागरूकता फैलाना आवश्यक है. लोकतंत्र की नींव मताधिकार पर ही रखी जाती है. जिस देश में जितने अधिक नागरिकों को मताधिकार प्राप्त होता है उस देश को उतना ही जनतांत्रिक समझा जाता है.वहीं स्कूलों में हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते है कि हम अपने देश की लोकतान्त्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुणण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ ली।

## व्यय प्रेक्षक ने जामगांव चेकपोस्ट का किया आकस्मिक निरीक्षण



**फिंगेश्वर 31 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक श्री राम प्रभु उदय आर. गरियाबंद जिले के फिंगेश्वर विकासखंड अंतर्गत ग्राम जामगांव के चेकपोस्ट पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने स्थैतिक निगरानी दल द्वारा किये गये कार्यवाहियों का जायजा लिया। इस अवसर पर टीम के सदस्यों से कहा कि जिले में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न कराने के लिए स्थैतिक निगरानी दल का कार्य महत्वपूर्ण है। दल के सदस्य सौंपे गये दायित्वों का निर्वहन जिम्मेदारीपूर्वक बेहतर ढंग से सुनिश्चित करें। उल्लेखनीय है कि लोकसभा निर्वाचन के दौरान वाहनों की सघन जांच के लिए जिले के सीमावर्ती क्षेत्र राजिम विधानसभा और बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत स्थैतिक निगरानी टीम कार्य कर रही है। इस अवसर पर स्थैतिक निगरानी टीम के सभी सदस्य उपस्थित थे।

## कांग्रेस प्रत्याशी समेत 8 ने खरीदा नामांकन फॉर्म

**महासमुंद।** लोकसभा चुनाव के नाम-निर्देशन के दूसरे दिन महासमुंद सीट के लिए 8 अभ्यर्थियों ने नामांकन फॉर्म खरीदा। फॉर्म लेने वालों में रेखराम बाघ ग्राम बकमा बागबाहरा निर्दलीय, कालिया प्रसाद सेठ ग्राम तोरेसिंहा भारत विकास पार्टी, ताम्रध्वज साहू ग्राम पऊवारा दुर्ग इंडियन नेशनल कांग्रेस, मणिक लाल निषाद ग्राम नारी धमतरी निर्दलीय, मुकेश अग्रवाल सरायपाली निर्दलीय, विरेन्द्र चौधरी ग्राम बालसी सरायपाली भारतीय शक्ति चेतना पार्टी, बसंत सिन्हा ग्राम बावनकेरा बहुजन समाज पार्टी, आत्मा नवरत्न नयापारा महासमुंद बहुजन समाज पार्टी शामिल हैं।

# दस साल में पीएम मोदी ने आम लोगों के सपनों को साकार किया:रूप कुमारी



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गरियाबंद, 31 मार्च।** महासमुंद लोकसभा की भाजपा प्रत्याशी श्रीमती रूम कुमारी चौधरी आज गरियाबंद विकासखंड के दौरे पर है। इस दौरान उन्होंने ग्राम परसुली और ग्राम मदनपुर में जनसंपर्क किया। ग्राम परसुली मे भाजपा कार्यकर्ताओ और ग्रामीणों ने उनका स्वागत किया। इस दौरान सांसद चुन्नीलाल साहू, जिला अध्यक्ष राजेश साहू भी उनके साथ थे। सभा को संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी श्रीमती रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बड़े विजन के लिए कड़ी मेहनत कर रहे है। 70 साल जिस पार्टी ने देश का नेतृत्व किया उसके देश के लिए नही बल्कि परिवार के लिए राज किया। दूसरी ओर मोदी जी देश को विकसित भारत बनाने की कल्पना के साथ आगे बढ़ रहे है। उन्होंने कहा कि 10 सालों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आम जनों के सपनों को साकार किया है देश में गरीब तबके के विकास के साथ ही समाज के सभी वर्ग के विकास और समृद्धि के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने अनेक जन कल्याणकारी योजनाएं लागू की। इसके साथ ही विश्व पटेल पर भारत को एक सशक्त और समरी साली देश के रूप में स्थापित करने में भी उन्होंने अहम भूमिका निभाई है। आम जनता के आशीर्वाद से भाजपा ने पिछले रिकॉर्ड को छोड़कर छत्तीसगढ़ में ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। भाजपा ने सत्ता में वापसी के साथ ही दो साल के बकाया बोनस, अंतर की राशि, महतारी वंदन की किस्त देने सहित हर घोषणा को पूरा किया। उन्होंने कहा कि मोदी जी के गारंटी पर पूरा देश भरोसा करता है। यही कारण है कि आज देश के कोने-कोने से फिर एक बार मोदी सरकार बनाने की आवाज आ रही है। उन्होंने मोदी जी के विकसित भारत की कल्पना को पूरा करने ममहासमुन्द लोकसभा में भी कमल खिलाने का आव्हान किया। कार्यक्रम में सांसद चुन्नीलाल साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रामराज की कल्पना को साकार करने का बीड़ा उठाया है। आम जनों के सपनों को साकार करने के लिए वे लगातार 10 सालों से मेहनत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह देश के लिए गर्व की बात है कि आज भारत को एक ऐसा सशक्त नेता मिला है जिसकी प्रशंसा देश ही नहीं विश्व के समृद्धशाली देश के लोग भी करते हैं। इस अवसर पर जिला महामंत्री अनिल चंद्राकर, नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन, मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र सोनटेके, जिला उपाध्यक्ष पारस ठाकुर, जिला मंत्री मिलेश्वरी साहू, जनपद अध्यक्ष लालिमा ठाकुर, छुरा तोकेश्वरी मांझी, जनपद उपाध्यक्ष प्रवीण यादव, अजय रोहरा, जिला मीडिया प्रभारी राधेश्याम सोनवानी, आई टी सेल जिला संयोजक सागर मयाणी, कुलदीप खरे, मंडल महामंत्री धनंजय नेताम, पारस देवांगन, धनराज विश्वकर्मा, युवा मोर्चा से प्रतीक तिवारी, थानसिह निषाद, प्रतीक सिंह, संजू साहू, नारायण सिन्हा, सुजल कोठारी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## शिक्षा मानसिक,सामाजिक विकास के लिए जरूरी:पूरन लाल



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**फिंगेश्वर, 31 मार्च।** शासकीय प्राथमिक शाला बारूला में विदाई समारोह कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर पाँचवी के छात्र छात्राओ को विदाई दी गई। इस कार्यक्रम का शुभारंभ शाला के शिक्षकों द्वारा मां सरस्वती एवं छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर दीप प्रज्जवलित व श्रीफल फोड़कर किया गया। तत्पश्चात सभी शिक्षकों का स्वागत गुलाल लगाकर किया गया। वहीं छात्र छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं गीत प्रस्तुत किए गए.इस अवसर पर संकुल प्राचार्य पूरन लाल साहू ने कहा कि विद्यार्थी एक पुष्प की तरह होते है,जिसे शिक्षक माली की तरह ज्ञान रूपी जल सिंचित कर पुष्पित एवं पल्लवित करता है.शिक्षा मानसिक, वैज्ञानिक, सामाजिक और आध्यात्मिक विकास को संवारती है.अतः शिक्षा जीवन भर चलने वाली एक सतत प्रक्रिया है.आप सभी सकारात्मक दृष्टिकोण रखते हुए वार्षिक परीक्षा की तैयारी में जुट जाने की बात कही.लता ध्रुव प्रधान अध्यापिका ने कहा कि जीवन में संस्कार का बहुत महत्व है.संस्कार विहीन मनुष्य पशु के समान होता है.आप सभी अच्छे अंकों से उत्तीर्ण होकर घर, परिवार एवं शाला का नाम रोशन करें. कमलकांत सेन ने कहा कि परिश्रम सफलता की कुंजी है. सकारात्मक सोंच मनुष्य को उन्नति के शिखर पर ले जाता है।

आप सभी माता, पिता और गुरु का सम्मान करना न भूलें.कार्यक्रम का संचालन करते हुए हीरामन साहू शिक्षक ने कहा कि विद्या वह धन है जिसे कोई चुरा नहीं सकता.इसे जितना खर्च करोगे उतना ही बढ़ता है. इस अवसर पर चौथी के छात्र छात्राओं द्वारा पाँचवी के छात्र छात्राओं को उपहार दिया गया.वहीं पाँचवी के विद्यार्थियों द्वारा शाला को उपहार भेंट किए.कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों को खीर बड़ा,पूड़ी वितरण किया गया.इस अवसर पर संकुल प्राचार्य पूरन लाल साहू,प्रधान अध्यापिका लता ध्रुव, शिक्षक मोती ध्रुव,हीरामन साहू, कमलकांत सेन व छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## 80 मास्टर ट्रेनर्स को दिया गया एक दिवसीय प्रशिक्षण

**महासमुंद।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए जिले के सभी विकासखण्ड मुख्यालयों में मतदान दलों का प्रशिक्षण 31 मार्च से प्रारम्भ होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक ने जिले में कुल 80 मास्टर ट्रेनर्स की नियुक्ति की है। इन मास्टर ट्रेनर्स के लिए वन प्रशिक्षण शाला महासमुंद में एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया।इस अवसर पर अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी निर्भय साहू ने बताया कि मतदान दलों को प्रशिक्षण के दौरान निर्वाचन कर्तव्य प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए प्रपत्र 12 क भरवाया जाना है। इसके लिए उन्हें अपना मतदाता परिचय पत्र की फोटो कॉपी तथा चुनाव ड्यूटी आदेश की कापी लाना होगा। प्रशिक्षण कक्ष में सभी को उनके मोबाइल में वोटर हेल्पलाइन एप डाउनलोड कर अपना नवीनतम भाग संख्या तथा सरल क्रमांक पता कर फार्म में भरना होगा। इस अवसर पर जिला मास्टर ट्रेनर तोषण गिरि गोस्वामी ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रशिक्षण देते हुए मतदान दलों को मतदान के पूर्व, मतदान के दौरान तथा मतदान के पश्चात किए ।

## व्यय प्रेक्षक ने नगदी,अवैध शराब एवं अन्य वस्तुओं की जब्ती के दिए निर्देश



**गरियाबंद, 31 मार्च।** निर्वाचन आयोग द्वारा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र महासमुन्द के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक राम प्रभु उदय आर. ने आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण के मद्देनजर अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक कुमार अग्रवाल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश कुमार गोलछा, संयुक्त कलेक्टर नवीन भगत, एसडीएम विशाल महाराणा, सहायक निर्वाचन अधिकारी सुश्री अर्पिता पाठक, हितेश पिस्दा एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। व्यय प्रेक्षक राम प्रभु उदय आर. ने कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन के लिए सभी अधिकारी भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्य करेंगे। निर्वाचन कार्य को प्रभावित करने वाले कार्य अवैध शराब परिवहन, नगदी एवं अन्य वस्तुओं के जप्ती की कार्रवाई चेक पोस्ट में होते रहनी चाहिए। अंतर्राज्यीय सीमाओं में अवैध शराब, परिवहन एवं अन्य वस्तुओं के परिवहन के लिए संवेदनशील चेक पोस्ट में इसके लिए जागरूक रहते हुए कार्य करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि अभ्यर्थी के व्यय अनुवीक्षण के लिए विशेष ध्यान देते हुए कार्य करने की आवश्यकता है। उनके व्यय के रिकार्ड मेंटेन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सहायक व्यय प्रेक्षक अभ्यर्थी के व्यय की लगातार निगरानी करेंगे और प्रतिदिन रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने कहा कि एक्सपेंडिचर सीजर मानिटरिंग सिस्टम पर ध्यान देते हुए कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने उड़दनस्ता दल, स्थैतिक निगरानी दल, वीडियो अवलोकन दल, वीडियो निगरानी दल, सी-विजिल एवं एमसीएमसी की टीम को सतर्कता, सजगतापूर्वक एवं सक्रियतापूर्वक कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लेखा से जुड़े एकाउंटिंग टीम को समन्वित तरीके से कार्य करने की आवश्यकता है। अवैध शराब परिवहन, नगदी एवं अन्य सामग्री के परिवहन पर कार्रवाई के लिए पुलिस, आबकारी, जीएसटी, आयकर, परिवहन, एफएसटी, एसएसटी एवं अन्य संबंधित विभाग समन्वय करेंगे। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों को भी भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों से अवगत कराते रहें। उन्होंने कहा कि सभी बैंक निर्वाचन के दौरान किसी भी तरह के संदेहास्पद वित्तीय आहरण पर ध्यान देते हुए कार्य करेंगे। व्यय अनुवीक्षण का कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है। इसके लिए टीम को योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने की आवश्यकता है।कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि महासमुन्द संसदीय क्षेत्र अंतर्गत गरियाबंद जिले में राजिम एवं बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र आते हैं। उन्होंने बताया कि जिले के सभी मतदान केन्द्रों में पेयजल, प्रकाश, रैम्प सहित अन्य बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराया जा रहा है। गरियाबंद जिले में अवैध शराब, नगदी एवं अन्य सामग्री पर कार्रवाई की जा रही है। अंतर्राज्यीय सीमाओं के चेक पोस्ट में लगातार निगरानी की जा रही है। एफएसटी, एसएससी, वीएसटी, वीवीटी एवं सी-विजिल, एमसीएमसी की टीम लगातार कार्य कर रही है।

## मतदान प्रतिशत बढ़ाने रैली,गुडमार्निंग महासमुंद का आयोजन किया



**महासमुंद।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदान प्रतिशत में वृद्धि के उद्देश्य से स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत मतदान जागरूकता रैली एवं स्वीप गुड मॉर्निंग महासमुंद का आयोजन शनिवार को स्थानीय मिनी स्टेडियम में किया गया।

जागरुकता कार्यक्रम के तहत मानव श्रृंखला बनाकर महिला समूह, विद्यार्थी, अधिकारी-कर्मचारियों सहित हजारों लोगों ने शत-प्रतिशत मतदान के लिए शपथ ली। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक मानव श्रृंखला में शामिल होकर उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि जिले में कम से कम 80 प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ना है। इसके लिए समाज के सभी वर्गों का साथ आवश्यक है। स्वीप गुड मॉर्निंग महासमुंद कार्यक्रम के आयोजन से सशक्त संदेश देना है। उन्होंने मौजूद लोगों को शपथ दिलाते हुए कहा कि हम भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इस दौरान रैली की शक्ल में स्वच्छता दीदीयां, आईटीआई, स्कूल और महाविद्यालयीन विद्यार्थी मिनी स्टेडियम पहुंचे। मतदाता जागरूकता अभियान से संबंधित स्लोगन और तख्ती के साथ आम लोगो को शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान सुंदर रंगोली बनाकर मतदान का संदेश दिया गया। इसके पूर्व मतदान संबंधित सुंदर गीत और जुम्बा डांस के माध्यम से प्रभावशाली मतदाता जागरूकता का संदेश पहुंचाया गया।

80 प्रतिशत मतदान का लक्ष्य

इस दौरान जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप के नोडल अधिकारी एस आलोक ने कहा कि आने वाले लोकसभा निर्वाचन में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक के मार्गदर्शन में कार्य करते हुए सभी ब्लॉक में मतदाता जागरूकता अभियान का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा और जिले के 80 प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को हासिल करना है। स्वीप के ब्रांड एंबेसेडर डॉ. विश्वनाथ पाणिग्रही ने तख्ती के माध्यम से संदेश दिया। इस अवसर पर मुख्य नगरपालिका अधिकारी टॉमसन रात्रे, स्वीप के सहायक नोडल रेखराज शर्मा सहित जिला अधिकारी एवं मिशन क्लीन सिटी, महिला एवं बाल विकास विभाग, महाविद्यालय, स्कूल, आईटीआई, बीएड कॉलेज, स्वास्थ्य विभाग के नेतृत्व में शत-प्रतिशत मतदान की शपथ ली।

## मतदान दलों के प्रशिक्षण की तैयारियों की समीक्षा की

**महासमुंद।** जिले में गठित मतदान दलों के पीठासीन अधिकारी तथा मतदान अधिकारियों का प्रथम चरण का प्रशिक्षण 31 मार्च से 4 अप्रैल तक सभी विकासखण्ड मुख्यालयों में आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक ने प्रशिक्षण की तैयारियों के संबंध में बैठक ली। जिसमें वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी मास्टर ट्रेनर्स तथा प्रशिक्षण कार्यक्रम के सहायक नोडल अधिकारी शामिल हुए।इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि मतदान दलों का प्रथम चरण का प्रशिक्षण पूरे दिन के लिए रखा गया है, जिसमें मतदान प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी जाए। इसके अलावा प्रत्येक प्रशिक्षणार्थियों को कंट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट तथा वीवीपीएटी के संचालन की प्रक्रिया स्वयं कर सीखने का अवसर दिया जाए।

## लोगों को मतदान के लिए किया जा रहा प्रेरित



**बीजापुर, 31 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में व्यापक रूप से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के लिए प्रथम चरण में संसदीय क्षेत्र बस्तर का मतदान 19 अप्रैल को निर्धारित है। जिले के सभी मतदाताओं लोकतंत्र की मजबूती में अपना योगदान देने अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अनुराग पाण्डेय की अगुवाई में आज वृहद रूप से दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों की रैली निकालकर जिले के मतदाताओं को जागरूक किया जिसमें सीआरपीएफ के जवानों, अधिकारी-कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिकों ने बाईक रैली, शासकीय एवं निजी चार पहिया वाहनों की रैली निकालकर मतदाताओं को जागरूक करते हुऐ मताधिकार का महत्व बताया रैली कलेक्टर कार्यालय से प्रारंभ होकर नया बस स्टैण्ड होते हुऐ नया जीएडी कालोनी से लोहा डोंगरी पहुंचे।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन हेतु दिलाई शपथ- लोहाडोंगरी में उपस्थित अधिकारी-कर्मचारी, पुलिस जवान एवं उपस्थित विशाल जनसमुदाय को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अनुराग पाण्डेय ने लोकतंत्र पर अपनी पूर्ण आस्था रखने, देश की लोकतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग जाति समुदाय भाषा अथवा अन्य किसी प्रलोभन से प्रभावित हुऐ बिना अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई और बिना किसी डर भय के अपने मताधिकार का प्रयोग कर जिले में मतदान की प्रतिशत को बढ़ाने की अपील की।

पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था और पूरी तैयारी के साथ होगा मतदान -पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुऐ कहा कि बीजापुर जिले की संवेदनशीलता को मददेनजर रखते हुए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश में व्यापक सुरक्षा व्यवस्था के साथ मतदान एवं निर्वाचन की संपूर्ण प्रक्रिया विधिवत रूप से पूरी की जाएगी। बिना डर, भय के सभी अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें और लोकतंत्र की मजबूती में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

लगातार स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान जारी रहेगा- स्वीप के नोडल अधिकारी एवं सीईओ जिला पंचायत श्री हेमंत रमेश नंदनवार ने बताया कि जिले में मतदान का प्रतिशत बहुत कम है। ऐसे में भारत निर्वाचन आयोग दिशा-निर्देश एवं कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के मार्गदर्शन में लगातार स्वीप कार्यक्रम के माध्यम से मतदाताओं को प्रेरित किया जा रहा है ताकि अपने मताधिकार का उपयोग कर एक जागरूक नागरिक बने और लोकतंत्र के महापर्व में अपनी भागीदारी निभाए। इसी क्रम में होली मिलन समारोह आयोजित हो चूकि है। आज मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन हो रहा है। इसके साथ ही लगातार विविध प्रतियोगिता, खेल-कूद क्रिकेट इत्यादि गतिविधि 12 अप्रैल तक आयोजित रहेगी।कार्यक्रम में सहायक रिर्टनिंग अधिकारी श्री जागेश्वर कौशल, संयुक्त कलेक्टर श्री कैलाश वर्मा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री नारायण प्रसाद गवेल, डिप्टी कलेक्टर श्री उतम सिंह पंचारी, दिलीप उईके, विकास सर्वे, सहायक आयुक्त श्री केएस मसराम, जिला शिक्षा अधिकारी श्री रमेश निषाद सहित जिला स्तर के सभी वरिष्ठ अधिकारी-कर्मचारी, पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी-कर्मचारी, प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधिगण एवं जनसामान्य उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में भाग लिए।

## अन्तर्राज्यीय चेक पोस्ट का कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया निरीक्षण



**बीजापुर, 31 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । लोक सभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर रखते हुए अन्तर्राज्यीय सीमा पर 24 घंटे निगरानी बढ़ा दी गई है कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अनुराग पाण्डेय ने प्रदेश के अंतिम छोर पर स्थित तारलागुड़ा एवं तिमेड़ चेक पोस्ट पर औचक निरीक्षण किया। ज्ञात हो कि बीजापुर जिला महाराष्ट्र और तेलंगाना सीमा के इन्द्रावती एवं गोदावरी नदी के तट पर स्थित है जहां तारलागुड़ा तेलंगाना और तिमेड़ महाराष्ट्र बार्डर पर स्थित है। जहां स्थैतिक निगरानी दल द्वारा वाहनों की सघन जांच की जा रही है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अनुराग पाण्डेय ने उक्त चेकपोस्ट का औचक निरीक्षण कर प्रत्येक वाहनों का संघनता पूर्वक जांच करने के पश्चात ही जिले के सीमा में प्रवेश करने के निर्देश दिए। वहीं आपत्तिजनक सामग्री जो कि निष्पक्ष निर्वाचन को प्रभावित कर सकता है उनका नियमानुसार जब्ती की कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर ने ड्यूटी में तैनात अधिकारी-कर्मचारी से गंभीरता पूर्वक ड्यूटी करने के निर्देश दिए।भोपालपटनम भ्रमण के दौरान विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर बुनियादी सुविधाओं की जानकारी ली जिसके अन्तर्गत ग्राम पंचायत कोत्तूर के मतदान केंद्र क्रमांक 39 जहां तारलागुड़ा और कोत्तूर के मतदाता मतदान करेंगे। मतदान केंद्र क्रमांक 30 गुल्लागुड़ा और शिफ्टिंग मतदान केंद्र क्रमांक 40 जिसमें पहाड़ी के उस पार के अन्नारम, मरीमल्ला, कुम्हारनाला, एलापुरम गांव के मतदाता मतदान करेंगे उक्त सभी मतदान केन्द्रों में पानी, बिजली, छाया सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं का जायजा लेते हुए मौके पर उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## नक्सली बंद का जिले में दिखा असर



**बीजापुर, 31 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । नक्सलियों के बंद का पूरे जिले में व्यापक असर देखा गया नक्सलियों ने जारी अपने पर्च में वाहन चालकों और व्यापारियों को अपनी दुकानें बंद रखने की अपील की थी इसी के मद्देनजर आज जिले के आवापल्ली मद्देड भोपालपटनम भैरमगढ़ बासागुड़ा बीजापुर सहित सभी प्रमुख स्थानों पर बंद का काफी असर दिखा यात्री बसो के नहीं चलने से अपने गंतव्य की ओर जाने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा नक्सलियों ने फर्जी मुठभेड़ नये नये केम्प खोले जाने का विरोध जताते. बंद का आव्हान किया था इधर पुलिस प्रशासन ने नक्सली बंद को.देखते पूरे जिले में सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रखी किसी भी सिथति से निपटने नगर के सभी स्थानों में जवानों को तैनात किया गया था सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर कहीं से भी कोई वारदात की खबर नहीं है सुरक्षा की दृष्टि से वाहन चालकों ने भी कोई जोखिम नहीं लिया और सुरक्षित स्थानों में वाहन खड़ी कर दी थी नक्सली बंद को देखते नगर मे भी आम लोगों की चहल पहल कम थी।

## एक नजर

### 19 अप्रैल से 1 जून तक एग्जिट पोल के आयोजन और प्रसारण पर प्रतिबंध

**बलौदाबाजार, 31 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भारत निर्वाचन आयोग ने आगामी 19 अप्रैल से 1 जून तक किसी भी तरह के एग्जिट पोल के आयोजन तथा प्रसारण को प्रतिबंधित किया है। आयोग द्वारा इस संबंध में अधिसूचना जारी करते हुए लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के प्रावधानों के तहत इस अवधि के दौरान किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल के आयोजन तथा प्रसारण को प्रतिबंधित किया गया है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अधिसूचना में उल्लेखित है कि लोकसभा निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत 19 अप्रैल 2024 को प्रातः 7 बजे से 1 जून 2024 की शाम साढ़े छह बजे तक की अवधि में लोकसभा आम निर्वाचन के संदर्भ में किसी भी तरह के एग्जिट पोल का आयोजन करने तथा प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा इसके परिणाम के प्रकाशन या प्रचार अथवा किसी भी अन्य तरीके से उसका प्रचार-प्रसार करने पर प्रतिबंध होगा। आयोग ने अधिसूचना में यह भी स्पष्ट किया है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126 (1) (ख) के अधीन लोकसभा निर्वाचन-2024 अंतर्गत संबंधित लोकसभा क्षेत्रों में मतदान की समाप्ति के लिए नियत समय पर समाप्त होने वाली 48 घंटों की अवधि के दौरान किसी भी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में किसी भी ओपिनियन पोल या किसी अन्य मतदान सर्वेक्षण के परिणामों सहित किसी भी प्रकार के निर्वाचन संबंधी मामले के प्रदर्शन पर प्रतिबंध रहेगा।

### नाबालिग भतीजी के साथ दुष्कर्म आरोपी चाचा जेल दाखिल

**कोरबा, 31 मार्च।** शराब के नशे में धुत चाचा ने अपनी 16 साल की नाबालिग भतीजी के साथ दुष्कर्म किया। घटना की जानकारी परिवार में किसी भी सदस्य को देने पर मारने की धमकी भी दी। मामले की शिकायत पर पुलिस मामला दर्ज कर आरोपित चाचा को शराब भट्ठी से गिरफ्तार किया। सिविल लाइन थाना रामपुर क्षेत्र अंतर्गत निवासरत एक परिवार के सदस्य काम के सिलसिले में घर से बाहर गए थे। घर पर उनकी 16 वर्षीय पुत्री अकेली थी। इसी बीच शराब के नशे में धुत चाचा की नीयत बदल गई और उसने अकेली भतीजी को देख दुष्कर्म किया। जब स्वजन वापस लौटे, तब नाबालिग ने घटना की जानकारी दी। स्वजनों ने बेटी को लेकर सिविल लाइन थाना जाकर मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई। पीड़िता के स्वजनों ने बताया कि आरोपित शराब का आदी है और हमेशा शराब के नशे में रहता है। मना करने पर नहीं मानता था और अब नशेड़ी ने दुष्कर्म किया है। सिविल लाइन थाना प्रभारी सुमन पोया ने बताया कि आरोपित चाचा के विरूद्ध मामला दर्ज कर पतासाजी की जा रही थी, पर फरार चाचा अलग-अलग जगहों पर छिप रहा था। इस बीच मुखबिर से निहारिका शराब भट्ठी के पास आरोपित के होने की सूचना मिली। इस पर पुलिस टीम ने सिविल ड्रेस में शराब भट्ठी पहुंच कर आरोपित को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि आरोपित के विरूद्ध दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया, जहां से आरोपित को जेल भेज दिया गया।

### सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण देगी कांग्रेस सरकार

**कोरबा, 31 मार्च।** कोरबा लोकसभा की सांसद व कांग्रेस प्रत्याशी ज्योत्सना चरणदास महंत ने रामपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम चुईया, भटगांव, सराईपाली, परसाखोला, मुड़धोआ, रोकबहरी, बेलाकछार, बेला, दोंदरो का दौरा किया व बैठक ली। गांवों में पहुंचने पर सांसद का ग्रामीणों एवं खासकर महिलाओं के द्वारा परंपरागत आत्मीय स्वागत किया गया। ज्योत्सना महंत ने लोकसभा चुनाव में सभी मतदाताओं को अनिवार्य रूप से मतदान करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी जो कहती है उसे पूरा भी करती है। देश के लिए कांग्रेस के नेताओं ने अपने प्राण भी न्यौछावर किए इसके बारे में सबको पता है। इस पार्टी को देश की जनता आगे बढ़ा रही है। सांसद ने कहा कि कांग्रेस की सरकार छत्तीसगढ़ में बनते ही 2 घंटे के भीतर किसानों का पूरा कर्जा माफकिया गया। बिजली बिल हाफकरने की योजना का क्रियान्वयन व इसका लाभ तुरंत मिलना शुरू हुआ। उन्होंने कहा कि देश में कांग्रेस की सरकार बनने पर गरीब परिवार की महिलाओं को नारी न्याय गारंटी योजना में हर महिने 8333 रुपए दिया जाएगा। सरकारी नौकरियों में महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण लागू करेंगे। युवाओं के लिए 30 लाख सरकारी पदों पर तत्काल स्थायी नियुक्ति की गारंटी हम दे रहे हैं। किसानों के लिए विशेष कानून भी हम पारित करेंगे। इन सबके लिए हमें कांग्रेस को चुन कर सरकार बनाना है।

# छात्राओं व स्वसहायता समूह की महिलाओं ने निकाली मतदाता जागरूकता साइकिल रैली

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार 31 मार्च।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर के. एल. चौहान के मार्गदर्शन तथा स्वीप के जिला नोडल अधिकारी एवं सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल के नेतृत्व में अगामी लोकसभा आम निर्वाचन में शत प्रतिशत मतदान के लिए स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को मतदाताओ को जागरूक करने के लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास, स्कूल शिक्षा एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के समन्वय से विकासखण्ड स्तरीय सायकल रैली का आयोजन किया गया।

सायकल रैली में स्कूली छात्राओं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं स्व सहायता समूह की महिलाएं बड़ी संख्या में उत्साह के साथ शामिल हुई। स्वीप के नोडल अधिकारियों ने लोकसभा निर्वाचन में शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील की और ग्रामीण मतदाताओं से मतदान केंद्र पहुंचकर मताधिकार का उपयोग करने संकल्प पत्र भरवाने कहा। इसके साथ ही अपने आसपास, रिश्तेदारों, दोस्तों, परिवार सदस्यों को भी मतदान करने प्रेरित करने कहा गया। रैली में विभिन्न मतदाता जागरूकता नारों के साथ जनपद मुख्यालय के मुख्य मार्ग का भ्रमण किया गया। कार्यक्रम में सभी को मतदाता शपथ दिलाई गई।

आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 में शतप्रतिशत मतदान के लिए मतदाताओं जागरूक करने स्वीप के तहत विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन जिले में लगातार किया जा रहा है।



### भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडे के लिए उद्योग मंत्री ने दर्री मंडल में मांगा जनसमर्थन

# जनता ने पहले कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंका अब कोरबा के सांसद की बारी:मंत्री देवांगन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कोरबा, 31 मार्च।** लोकसभा के इस चुनाव में कांग्रेसियों को भी पता चल चुका है की बड़ी हार होने वाली है, सबको मालूम है 400सीटों के साथ तीसरी बार मोदी प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं, और इन 400 सीटों में एक सीट कोरबा लोकसभा भी रिकॉर्डतोड़ मतों से भाजपा प्रत्याशी सुश्री सरोज पांडेय जीतने जा रही है। उक्त बातें वाणिज्य, उद्योग और श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने दर्री मंडल के केंदईखार में आयोजित नुक्कड़ सभा के दौरान कही।

लोकसभा प्रत्याशी सुश्री सरोज पांडे के समर्थन में उद्योग मंत्री देवांगन का धुंआधार प्रचार लगातार जारी है। बालको, कोरबा के बाद दर्री मंडल में मंत्री देवांगन ने तीन वार्डों में नुक्कड़ सभा ली। कांग्रेस पर तंज कसते हुए मंत्री देवांगन ने कहा की कोरबा लोकसभा से कांग्रेस के लिए वोट मांगने के लिए कांग्रेस को कांग्रेसी नहीं मिल रहे हैं, इससे बड़ा दुरभाग्य और कुछ नहीं हो सकता। यहां की सांसद ज्योत्सना महंत ने जितनी दूरी जनता से बनाई उससे कहीं अधिक दूरी तो अपने कार्यकर्ताओं से बना कर रखी। प्रदेश में सत्ता में होने के बाद भी वे न तो जनता का काम करा सकी न आम कार्यकर्ताओं का। बीते 5 साल में कोरबा को अवैध उगाही, कमिशनखोरी का गढ़ बना लिया गया। कांग्रेसियों ने इतना अधिक भ्रष्टाचार किया की आज जनता के दरवाजे पर जानें लायक नहीं बचे है। कांग्रेसी विधायक, सांसद और मंत्रियों मे होड़ मची हुइ थी ज्यादा से ज्यादा कमाने के लिए, इसलिए जनता ने उखाड़ फेंक दिया, अब अगली बारी कोरबा की सांसद ज्योत्सना महंत की है। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ राजीव सिंह, युवा मोर्चा के महामंत्री और वार्ड क्रमांक 16 के पार्षद नरेंद्र देवांगन, दर्री मंडल अध्यक्ष ईश्वर साहू, वॉर्ड पार्षद बुधवार यादव, पूर्व पार्षद आर सी पांडेय, पूर्व जिला उपाध्यक्ष नारायण ठाकुर, युवा मोर्चा के मंत्री वैभव शर्मा समेत अधिक संख्या में कार्यकर्ता और आम जनमानस उपस्थित रहे।



#### मोदी की गारंटी मतलब गारंटी की पूरे होने की गारंटी

अयोधापुरी में आयोजित नुक्कड़ सभा में मंत्री देवांगन ने कहा की मोदी की गारंटी को भाजपा की विष्णुदेव सरकार तेजी से पुरा कर रही है। जनता जानती है की भाजपा अपने वादे को पूरा करती है, और यही वजह है की आज हर वर्ग भाजपा पर भरोसा कर रहा है।

#### गरीब भाई बहनों की हर चिंता आज पीएम मोदी ने खत्म की

नीलगिरी बस्ती में आयोजित नुक्कड़ सभा में मंत्री देवांगन ने कहा की बीते 10 साल में पीएम मोदी ने गरीब भाई बहनों की हर चिंता खत्म कर दी है। चाहे वह आयुष्मान कार्ड से 5 लाख तक निशुल्क ईलाज हो, राशन, पीएम आवास समेत बहुत सारी योजना से हर घर को लाभ और सुविधा मिल रही है।

# कोतवाली पुलिस ने चोरी के फरार आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 31 मार्च।** बलौदाबाजार शहर मे हो रही चोरी की वारदात पर अंकुश लगाने तथा अपराध की रोकथाम हेतु वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार झा के नेतृत्व में थाना सिटी कोतवाली के अपराध क्र 688/23 धारा 457, 380 भादवि के मामले का खुलाशा कर अपराध मे संलिप्त आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड मे भेजा गया है। आरोपी का नाम कन्ने ऊर्फकरन पिता देव नरेश उम्र 19 साल साकिन भैंसापसरा थाना सिटी कोतवाली है।

मामला इस प्रकार है कि 10 सितम्बर की रात्रि 8 बजे दुकान बढाकर सटर डाउन कर घर अंदर था। सटर में ताला नहीं लगा था, मेरी पत्नि अंशु सोनी बेटी सिवांगी सोनी टहलने गयी थी कि रात्रि करीबन 10.00 बजे अज्ञात व्यक्ति के द्वारा सटर उठाकर दुकान में प्रवेश किया और कांउटर में रखे पलास्टिक के 07 डिब्बो में रखे चांदी के पायल, बाजुबंद, हाफ करधन एवं अन्य ज्वेलरी समान लगभग 1 किलो ग्राम किमती 70,000 रूपये, सोने के पुल्ली, वजनी लगभग 03 ग्राम किमती 18, 000 रूपये एवं दुकान में रखे जुपिटर क्लासिक स्कुटी क्रमांक छ्त्र22 रू 3395 पुरानी इस्तेमाली किमती लगभग 10000 रूपये जुमला किमती ?98, 000 को अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर ले गया है, कि रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया विवेचना दौरान घटना स्थल में लगे सीसीटीवी कैमरा को चेक कर पहचान कार्यवाही कराया गया। जिसमें चोरी के आरोपी कन्ने ऊर्फकरन पिता देव नरेश उम्र 19 साल साकिन भैंसापसरा का होना पाया गया जो घटना दिनांक को भारत ज्वेलर्स गणेश चौक बलौदाबाजार ज्वेलरी दुकान से सोना चांदी के ज्वेलरी एवं एक ऋ्रद्धक्र जुपीटर स्कुटी जिसे आरोपी करन ऊर्फ कन्ने दुकान के अंदर चोरी कर लेकर चला गया था जिसे पुलिस द्वारा घटना के बाद दबिस देने से भाटापारा में अज्ञात छोडकर फरार हो गया था कि चोरी गये माश मशरूका को जप्त प्रार्थी को सुपुर्द किया जा चुका है।




आरोपी घटना दिनांक से फरार था जिसे लगातार पता साजी कर दिनांक 28.09.2024 को पता चलने पर हिरासत में लेकर चोरी किये सोना चांदी के संबध में पुछताछ करने पर चोरी करना एवं भाटापारा में छोडकर भागना बताया जिसे गिर0 कर ज्युडियल रिमांड पर पेश किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में सउनि सी.आर.साहू, आर मोहन मेश्राम, देव निराला का विशेष योगदान रहा।

# एचटीपीपी के कर्मचारियों ने कबाड़ से बनाया विक्रम लैंडर व साइलो माडल

**कोरबा, 31 मार्च।** संरक्षा विभाग हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम (एचटीपीपी) के तत्वावधान में संयंत्र में मौजूद अपशिष्ट पदार्थों (स्क्रैप मटेरियल) को सुंदर कलाकृति का स्वरूप प्रदान कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर संयंत्र के अधिकारी- कर्मचारियों ने अपने रचनात्मक कौशल का प्रदर्शन कर एक से बढ़कर एक सुंदर कलाकृति निर्मित की। इसमें चंद्रयान उपग्रह के साथ विक्रम लैंडर एवं प्रज्ञान रोवर, प्रगति चक्र, कैनन द प्राइड, स्वदेश निर्मित हल्के लड़ाकू विमान - तेजस के प्रोटोटाइप लोगों के आकर्षण का केंद्र रहा। इसके साथ ही संयंत्र की 500 मेगावाट विस्तार इकाई में स्थित ऐश हैंडलिंग प्लांट के साइलो माडल, रिले टेस्ट बोर्ड, हाट एयर सर्कुलेशन लैंप, अलंकारी सामग्रियों, सुरक्षित कामगार, सुरक्षित पर्यावरण पर आधारित प्रदर्शनी के साथ ही बरगद के वृक्ष, सूरजमुखी के पौधे एवं बैल गाड़ी की प्रतिकृति द्वारा देश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था का सुंदर एवं सजीव चित्रण किया गया। प्रतियोगिता के निर्णायकों में सुधीर रेगे (सेवानिवृत्त, मुख्य अभियंता, सीएसईबी), नलिनी राव सिविल अभियंता, सस्टेनेबिलिटी प्रोजेक्ट, सिंगापुर, मधुलिका दबे प्रबंधक, पावर ग्रिड, बिलासपुर द्वारा चंद्रयान- तीन एवं स्टीम टर्बाइन माडल के लिए संयंत्र के टरबाइन मेंटेनेंस डिपार्टमेंट - एक एवं तीन को संयुक्त रूप से प्रथम स्थान, प्रगति चक्र, कैनन द प्राइड एवं सूरजमुखी की घूमती प्रतिकृति के लिए बायलर मेंटेनेंस डिपार्टमेंट-दो, इलेक्ट्रिकल एंड टेस्टिंग डिपार्टमेंट- एक एवं ऐश हैंडलिंग डिपार्टमेंट- एक को संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान तथा लाइट काम्बैट एयरक्राफ्ट- तेजस के लिए ऐश हैंडलिंग डिपार्टमेंट- दो को तृतीय स्थान प्रदान किया गया।




## समाचार संक्षेप

### कायस्थ समाज ने की भाई दूज पर विशेष पूजा-अर्चना



**डोंगरगढ़, 31 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** होली पर्व के पश्चात भाई दूज के अवसर पर कायस्थ समाज द्वारा भगवान श्री चित्रगुप्त के मंदिर में विशेष पूजा अर्चना की गयी। विशेष आरती आयोजित कर कायस्थ समाज के लोगों ने एक दूसरे को गुलाल लगा कर रंगों के पर्व होली की बधाई दी। इस दौरान कायस्थ समाज के संरक्षक ए. के. बख्शी अध्यक्ष फणेन्द्र श्रीवास्तव राजकुमारी बख्शी सुरेन्द्र श्रीवास्तव संजय श्रीवास्तव धर्मेंद्र गोमास्ता अरूण श्रीवास्तव सुधा श्रीवास्तव किरण श्रीवास्तव सरिता श्रीवास्तव संदीप गोमास्ता राजेश श्रीवास्तव दीपेंद्र गोमास्ता प्रशांत श्रीवास्तव संतोष श्रीवास्तव संजीव गोमास्ता रितेश सक्सेना रत्नेश श्रीवास्तव विवेक श्रीवास्तव मनीष गोमास्ता स्वधा अक्षत सहित बड़ी संख्या कायस्थ समाज के लोग उपस्थित रहे।

### पुलिस ने पाक्सो एक्ट के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**बलौदाबाजार, 31 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मामले का विवरण इस प्रकार है कि 29 जनवरी को गुम इंसान क्र. 14/2024 के प्रार्थी द्वारा थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसकी, पुत्री जो 26 जनवरी की सुबह 7 बजे लगभग घर से कार्यक्रम देखने जा रही हूं, कहकर निकली है जो अब तक वापस नही आयी है, कि रिपोर्ट पर सर्वोच्च न्यायालय के दिशा निर्देश पर धारा 363 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। पीड़िता का बरामदगी किया गया एवं महिला पुलिस अधिकारी से कथन कराया गया, जिसमें आरोपी द्वारा घटना दिनांक को शादी कर पत्नि बनाकर साथ रखने का प्रलोभन देकर अपने साथ ले गया और कई बार शारीरिक संबंध बनाया है, के कथन पर प्रकरण में धारा 366, 376 भादवि 04, 06 पॉक्सो एक्ट जोड़ी गयी। आरोपी टिकेश्वर पटेल द्वारा अपराध धारा 363, 366, 376 भादवि 04, 06 पॉक्सो एक्ट अपराध घटित करना पाये जाने से 30 मार्च के गिरफ्तार कर ज्युडिशियल रिमांड पर भेजा गया। उपरोक्त कार्यवाही में सउनि गांधी बंजारे, प्र.आर सुखसागर मरावी, अमोल कंवर मआर सरीता यादव थाना सिटी कोतवाली का विशेष योगदान रहा।

### 50 पाव देशी शराब के साथ कोचिया गिरफ्तार

**बलौदाबाजार, 31 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** अभियान सृजन के तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा जिले में सभी प्रकार के नशे के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है, उक्त निर्देशों के परिपालन मे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अविनाश ठाकुर एवं निधि नाग एसडीओपी बलौदाबाजार के मार्गदर्शन में एवं थाना प्रभारी शशांक सिंह के निर्देशन में थाना पलारी पुलिस द्वारा शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में 30 मार्च को थाना पलारी से प्रधान आरक्षक रोहित सिंह आरक्षक त्रिलोकी बघेल विष्णु खटकर की पुलिस टीम द्वारा ग्राम नगपुरा में अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले एक शराब कोचिया को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से ?6000 कीमत मूल्य का 50 पाव देशी मदिरा शराब कुल 9 बल्क लीटर शराब जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना पलारी में अपराध क्र. 206/2024 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है। आरोपी का नाम सुरेश चंद्राकर पिता कुशराम चंद्राकर धीवर उम्र 40 वर्ष निवासी नगपुरा थाना पलारी है।



### भारतीय जनता पार्टी के बूथ विजय अभियान की शुरुआत

# कांग्रेस को कोरबा सीट से हार की चिंता सताने लगी:कौशिक

**कोरबा, 31 मार्च।** भारतीय जनता पार्टी के विधायक और लोकसभा चुनाव के लिए कोरबा सीट के संयोजक धरमलाल कौशिक ने कहा है कि कांग्रेस को कोरबा सीट से हार की चिंता सताने लगी है, इसीलिए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, सरोज पांडेय की उम्मीदवारी पर सवाल उठा रहे हैं।

विधायक धरमलाल कौशिक ने वरिष्ठ कांग्रेस नेता और छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरणदास महंत का नाम लिए बिना उन पर तगड़ा पलटवार किया। उन्होंने कहा कि कोरबा लोकसभा क्षेत्र के किसी भी मतदाता से पूछ लीजिए सभी कह रहे हैं कि सरोज पांडेय जीत रही है और भाजपा का सांसद बनेगा। उन्होंने कहा कि सुरक्षित सीट की बात करने वाले सरोज पांडेय के आने के बाद खुद को असुरक्षित महसूस करने लगे हैं। उन्होंने कहा कि 5 साल बाद जब आप मतदाता के पास वोट लेने जाते हैं तो उन्हें 5 साल का हिसाब भी देना पड़ता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 5 साल के बाद मतदाताओं को हिसाब देते हैं। मतदाता भी पूछते हैं कि 5 साल में आपने क्या किया? संसद को भी बताना पड़ता है कि 5 साल में उसने क्षेत्र के लिए क्या किया। क्षेत्र में आपने ऐसा कौन सा काम किया है कि हम आपको वोट दें? जनता सवाल करेगी और जनप्रतिनिधि को जवाब देना पड़ेगा। आपको बता दें कि कोरबा लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी ज्योत्सना महंत के पति राज्य विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने 2 दिन पहले कहा था कि भाजपा ने कोरबा लोकसभा क्षेत्र से टिकट देकर सरोज पांडेय के साथ न्याय नहीं किया है। उन्हें किसी सुरक्षित सीट से प्रत्याशी बनाया जाना था।

### धरम लाल कौशिक ने बूथ विजय अभियान का किया शुभारंभ, कार्यकर्ताओं के घर लगाया झंडा



**कोरबा, 31 मार्च।** भाजपा के वरिष्ठ नेता धरम लाल कौशिक पार्टी के बूथ विजय अभियान की शुरुआत करने एक दिवशीय प्रवास पर कोरबा पहुंचे. उन्होंने कोरबा जिले में वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के घर में पार्टी का झंडा लगाया इसी के साथ बूथ विजय अभियान की शुरुआत हुई, ये अभियान संपूर्ण प्रदेश सहित देश भर में छाया जा रहा है। कोरबा प्रवास के दौरान कौशिक ने पत्रकारों से चर्चा करते बताया कि प्रदेश में भाजपा की विष्णु सरकार ने 100 दिन में ही महतारी वंदन योजना से लाखों महिलाओं के खाते में करोड़ों रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर किया जिससे महिलाओं को आर्थिक संबल मिला. किसानों को अंतर की राशि एक एकड़ में 19 हजार के हिसाब से 13320 करोड़ सीधे उनके खाते में जमा किया गया, इसी तरह तेंदू पत्ता संग्राहकों को 55 सौ मानक बोरा के हिसाब से देने का निर्णय लिया गया है.

# अप्रैल से बढ़ेंगे जमीन-शराब के दाम

## प्रीमियम एवं लोवर रेंज के कई ब्रांड होंगे उपलब्ध, राजधानी के कामर्शियल क्षेत्र की जमीन के रेट में वृद्धि

■ मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 31 मार्च।** नए वित्तीय वर्ष अप्रैल से आवासीय एवं व्यवसायिक भूखण्डों तथा आबकारी विभाग द्वारा देशी-विदेशी मदिरा के रेट में वृद्धि की जा रही है। इससे सरकार को बड़ा राजस्व मिलने की संभावना है।

आबकारी ठेकेदार एवं विभागीय अधिकारियों के अनुसार कोरोना संकटकाल में आबकारी विभाग द्वारा प्रति बोतल पर अलग-अलग टैक्स लगाए जा रहे थे। नई सरकार ने इस विवाद से बचने के लिए एक नया टैक्स लगा दिया है। इससे यह राशि आबकारी विभाग को प्राप्त होगी। लोवर एवं प्रीमियम रेंज के सभी शराबों पर क्रमशः 40 से लेकर 100 रुपए तक की वृद्धि की जा रही है। वर्तमान में सिंडीकेट नहीं होने से वैसे भी शराब काफी महंगी है।



सत्ता परिवर्तन के पश्चात आबकारी विभाग को काफी सख्त दिशा निर्देश दिए गए हैं जिसके तहत एफएल10 एवं अन्य लाइसेंसों की फीस में वृद्धि की गई है। वर्तमान में शराब खरीदने एवं बेचने को लेकर छत्तीसगढ़ ब्रेवरेज कार्पोरेशन एवं मार्केटिंग कार्पोरेशन बनाया गया है। छत्तीसगढ़ में अब प्रीमियम रेंज की अच्छी शराब बेचने के लिए सरकार ने नई लिस्ट बना ली है जिससे मैकडोनाल्ड नंबर 1, ब्लेंडर स्प्राइड, शीवाज रीगल तथा अन्य महंगी ब्रांड की शराब भी दुकानों में मिलने लगेगी।

### जमीन पंजीयन की दर बढ़ाई जा रही

छत्तीसगढ़ सरकार के भूमि एवं पंजीयन शाखा द्वारा जमीनों के पंजीयन की दर बढ़ाई जा रही है। रायपुर के मालवीय रोड, एमजी रोड के अलावा अन्य प्रमुख कालोनियों के जमीन के भाव में वृद्धि की गई है। प्रति स्क्वेयर फीट शासकीय दाम बढ़ाये जाने के पश्चात जमीन दलालों की पौ-बारह हो गई है। राजधानी में विभिन्न क्षेत्रों में जमीनों का नियमितिकरण किया गया है जिसके कारण नगर निगम को राजस्व मिल रहा है। फिलहाल नगर निगम ने प्रॉपर्टी टैक्स नहीं बढ़ाया है। पिछले कई वर्षों से प्रॉपर्टी टैक्स नियमित रूप से बढ़ाए गए हैं। अभी तक इसमें 65 प्रतिशत की वृद्धि की जा चुकी है जिससे आम जनता को काफी परेशानी हो रही है। निगम ने पट्टाधारकों से भी जल-मल कर लेना शुरू कर दिया है। राज्य में नए वित्तीय वर्ष शुरू होने के पश्चात ही अब नए बजट का हस्तांतरण शीर्ष मद के अनुसार कर दिया जाएगा। अंतिम वित्तीय माह के आखरी दिन रविवार होने के कारण बैंकों में लेखा सुधार का काम चलता रहा। आम लोगों को प्रवेश नहीं दिया गया।

वर्तमान में मार्केटिंग कार्पोरेशन के अधिकारी केडिया डेलॉन के अलावा ओडिशा तथा मध्यप्रदेश एवं अन्य प्रदेशों से घटिया ब्रांड की शराब बेचना करते थे इसमें रसूखदारों का एक सिंडीकेट सक्रिय था जो कि नकली होलोग्राम बनाने से लेकर शराब का विक्रय करता था। इनके खिलाफ वर्तमान में ईडी की जांच चल रही है जिसमें करोड़ों का घोटाला हुआ और सरकार को राजस्व नहीं मिल पाया।

## राजधानी में आधी रात आंधी-तूफान के साथ हुई बारिश

**रायपुर, 31 मार्च।** होली के बाद मौसम के मिजाज में अचानक आए बदलाव और तेज गर्मी के बीच शनिवार रात को अचानक मौसम बदल गया। रात 1 बजे के आसपास तेज आंधी-तूफान और भयंकर गरज-चमक के साथ तेज बौछारें पड़ी। यह क्रम करीब एक घंटे तक जारी रहा। इससे न्यूनतम तापमान में आंशिक कमी दर्ज की गई। वहीं रविवार सुबह निकली चटख धूप से मौसम उमस से भर गया है। मौसम विभाग की माने तो छत्तीसगढ़ में एक बार फिर मौसम का मिजाज बदलता हुए नजर आ रहा है। प्रदेश के कई क्षेत्रों में अंधड़ चलने के साथ बारिश और बिजली गिरने की संभावना बनी हुई है। प्रदेश में गर्मी से थोड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। रायपुर का अधिकतम तापमान 39.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। इसके अलावा राजनांदगांव ज्यादा गर्म वाला जिला रहा है। यहां पर अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। आने वाले दिनों में मौसम के बदलने के आसार हैं।




## प्रदेश में कोरोना के 11 नए मरीज मिले

**रायपुर, 31 मार्च।** छत्तीसगढ़ में शनिवार को कोरोना के 11 नए मरीज मिले हैं। दुर्ग में 10, और बालोद में 1 मरीज की पहचान हुई है। स्वास्थ्य विभाग ने कुल 241 लोगों की जांच की थी। वर्तमान में प्रदेश में 14 एक्टिव केस हैं। हेल्थ डिपार्टमेंट के मुताबिक प्रदेश में कोरोना संक्रमण की पॉजिटिविटी दर 4.56त्न है। दरअसल, प्रदेश में कोरना की रफ्तार थम गई थी लेकिन 28 मार्च के बाद कोरोना संक्रमण के मामले बढ़ते दिख रहे है। दुर्ग और बालोद के अलावा रायपुर में 2 और धमतरी में 1 कोरोना संक्रमण के एक्टिव केस हैं। स्वास्थ्य विभाग ने खांसी बुखार या कोरोना से संबंधित कुछ लक्षण नजर आने पर जांच की अपील भी की है। लोग अपने नजदीकी जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जाकर जांच करवा सकते हैं। स्वास्थ्य विभाग की ओर से सभी हेल्थ सेंटर में कोरोना संक्रमण की जांच की व्यवस्था की गई है।

### पैदल जा रहे युवक को कार ने रौंदा

**रायपुर, 31 मार्च।** रिंग रोड 1 स्थित होटल 38 केस्टट्रल के सामने अज्ञात कार ने पैदल जा रहे युवक को कुचल दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले में पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक भूतनाथ मंडल 26 वर्ष खुशी रेसीडेंसी तेलीबांधा का रहने वाला था। बताया जाता है कि वह कल शाम पैदल कहीं जा रहा था, तभी रिंग रोड नंबर 1 होटल 38 केस्ट्ररल के सामने अज्ञात कार के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए भूतनाथ मंडल को कुचल दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

### युवक पर हथौड़ी से हमला

**रायपुर, 31 मार्च।** हाईटेक पार्किंग डुमरतराई के पास एक युवक ने दूसरे युवक से गाली-गलौज कर हथौड़ी से सीर पर मारकर प्राणघातक चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर माना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी अलीम खान 28 वर्ष हाईटेक पार्किंग डुमरतराई का रहने वाला है। बताया जाता है कि आरोपी अर्पित शर्मा 24 वर्ष ने प्रार्थी से गाली-गलौज कर प्रार्थी के सीर पर हथौड़ी से मारकर चोट पहुंचाया। जिससे प्रार्थी गंभीर रूप से घायल हो गया।

### रिसेप्शन पार्टी से जेवर पार

**रायपुर, 31 मार्च।** आमोर पार्क तेलीबांधा में आयोजित रिसेप्शन पार्टी से अज्ञात चोर ने 2 नग सोने का अंगुठी, 3 नग चांदी का पायल पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी उत्कर्ष मिश्रा 25 वर्ष कचना खम्हारडीह का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी के यहां आमारे पार्क तेलीबांधा में शादी रिसेप्शन पार्टी चल रहा था। जहां अज्ञात चोर ने स्टेज पर मिले उपहार में से 2 सोने की अंगुठी और 3 चांदी का पायल पार कर दिया।



















कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26